# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास योजना की लॉटरी 30 को



**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) भारत सरकार का एक प्रमुख मिशन है, जिसका क्रियान्वयन आवासन और शहर कार्य मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस मिशन के तहत झुग्गी-झोपड़ी वासियों को पक्का घर उपलब्ध कराना है। योजना से निर्मित घरो में पानी, बिजली, शौचालय, रसोई जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार 30 जनवरीको समय दोपहर 12:30 बजे निगम मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आवास आबंटन की लाटरी आयोजित है। पीएम आवास योजना (शहरी) एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान 75000 रुपए निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। शासन के नियमानुसार लाटरी में वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनो को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवास आबंटित किया जायेगा। वहीं अन्य हितग्राहियों को भूतल के साथ-साथ अन्य तल के आवास आबंटित किया जाना है। सभी पात्र हितग्राही जिनका सूची में नाम दर्ज है, निर्धारित तिथि को लाटरी में शामिल होकर आवास आबंटन का लाभ उठावें।

## एसआईआर में ड्यूटी देने की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं पहुंच पा रहे हैं कार्यकर्ता

# सम्मान सुविधा एप से अटेंडेंस का विरोध आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने बंद किया एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की हाजिरी के लिए शुरू की गई सम्मान सुविधा विरोध के चलते दुर्ग जिले में मंगलवार से बंद कर दी गई है। यहां के 1500 आंगनबाड़ी में कार्यरत कार्यकर्ता इसलिए खफा है कि वे एसआईआर में ड्यूटी करते हैं जिसकी वजह से वे आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंच पाते। केंद्र में जाने से ही सम्मान सुविधा प्रणाली ओपन हो पाता है। कार्यकर्ता इसलिए भी नाराज है कि इस सिस्टम से हाजिरी नहीं लग पाने की वजह से इस महीने कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का मानदेय काट लिया गया।



छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ ने मंगलवार को जिलेभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की बैठक ली। बैठक में सभी ने सम्मान सुविधा प्रणाली, पोषण ट्रैकर में आ रही समस्याएं, महतारी वंदन ई केवाईसी, मातृत्व वंदन योजना और एसआईआर में आने वाली दिक्कतों को लेकर मंथन किया। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि एसआईआर कार्य की वजह से सम्मान सुविधा प्रणाली को बंद रखेंगे। परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए यूनिफार्म के रूप में बांटी जा रही साड़ी का बहिष्कार करेंगे। उन्होने कहा कि इन दिनों एसआईआर कार्य कर रहे हैं जिसकी वजह से कभी तहसील तो कभी निगम तो कभी पंचायत में रहते हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं जा पाते। ऐसी दशा में सम्मान सुविधा एप से हाजिरी नहीं लग पाता। इन समस्याओं को शासन व प्रशासन को भी अवगत कराने पत्र भेजने की जानकारी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को दी। बैठक में दुर्ग जिला अध्यक्ष गीता बाग, सचिव माधुरी ठाकुर, प्रभा, संगीता, कीर्ति, शिमला देवांगन,सरस्वती यादव, चित्ररेखा साहू, प्रभकुमारी पटेल, सरिता शरण, प्रतिमा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं शामिल हुई।

### एसआईआर की वजह से केंद्र नहीं जा पा रहे

**अक्टूबर महीने में पोषण ट्रैकर भी किया था दस दिन बंद:** दुर्ग जिले में सम्मान सुविधा प्रणाली की भांति अक्टूबर 2025 में पोषण ट्रैकर सिस्टम को भी दस दिनों के लिए बंद किया गया था। इस सिस्टम में हितग्राहियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फोटो खींचकर भेजना अनिवार्य किया गया था। दिक्कतों को प्रशासनिक अधिकारियों के सुलझाने के बाद ट्रैकर सिस्टम में फिर से काम चालू किया गया।

### इन परियोजनाओं में मानदेय कटा

**केस 1**

दुर्ग शहरी परियोजना अंतर्गत पांच आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानेदय काट लिया गया है। जबकि ये कार्यकर्ता एसआईआर यानी मतदाता पुनरीक्षण कार्य में ड्यूटी निभा रही थीं। जिसकी वजह से ये आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंच पाई। सम्मान सुविधा एप इन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अनुपस्थित दर्शाया दिया।

**केस 2**

दुर्ग ग्रामीण परियोजना के अंतर्गत दो आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय काटकर खाते में राशि भेजी गई है। इस सहायिका ने भी अपनी ड्यूटी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में पिछले महीने दी थी जिसकी वजह से आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं जा पाई। सम्मान सुविधा एप में अनुपस्थिति दर्ज हुई। मानदेय कटने की शिकायत अपनी परियोजना में की है।

नोट : इस तरह सम्मान सुविधा प्रणाली अन्य परियोजनाओं में भी इन दिनों दिक्कत पैदा कर रहा है।

### आंगनबाड़ी केंद्र में ही खुलता है यह सिस्टम

सम्मान सुविधा एप केंद्र सरकार का है। इस एप के माध्यम से आंगनबाड़ियों में सरकारी गतिविधियां भी संचालित की जा रही है। मुख्य तौर पर इस एप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की हाजिरी काउंट की जा रही है। खास बात यह है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या सहायिका जब अपने पदस्थ आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचते है तब यह एप शुरू होता है। यहां कार्यकर्ता और सहायिका अपनी फोटो एड्रायड मोबाइल से लेकर एप में डाउनलोड करते हैं तब उनकी उपस्थिति दर्ज होती है।

## पुलिस अफसरों का बदला प्रभार क्राइम दिलीप व यदुमणि जिम्मे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल ने राजपत्रित अधिकारियों को थाना, पुलिस चौकी का पर्यवेक्षण और अन्य कार्यों की अग्रिम आदेश तक जिम्मेदारी सौंपी है। प्रशासनिक कसावट के लिए यह आदेश जारी किया गया है। इसमें सीएसपी दुर्ग हर्षित मेहर को दुर्ग कोतवाली, पद्मनाभपुर, मोहन नगर, पुलगांव, जेवरा सिरसा, नगपुरा, अंजोरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी को भिलाई नगर, भिलाई भठ्ठी, सुपेला, स्मृति नगर, वैशाली नगर को प्रभार दिया गया है।

डीएसपी भारती मरकाम को नेवई, छावनी की जिम्मेदारी दी गई है। सीएसपी प्रशांत कुमार सिंह पैकरा को छावनी, जामुल, पुरानी भिलाई, कुम्हारी, खुर्सीपार का प्रभारी दिया गया है। डीएसपी अपराध यदुमणि सिदार को साइबर सेल, एसीसीयू दुर्ग, आईटीएमएस की मनीटरिंग का प्रभार दिया गया है। डीएसपी अजाक/क्राइम दिलीप सिंह सिसोदिया को डीसीबी, अजाक, डीसीआरबी का प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा को पाटन, उतई, मचांदुर, रानीतराई, अमलेश्वर, जामगांव (आर), अंडा की जिम्मेदारी दी गई है। एसडीओपी धमधा डीएसपी चित्रा वर्मा को बोरी, धमधा, नंदिनी नगर, लिटिया सेमरिया, डीएसपी मुख्यालय तनुप्रिया ठाकुर को जनसूचना अधिकारी, दोषमुक्त प्रकरण समीक्षा, उच्च न्यायालय के नोडल अधिकारी, गंभीर अपराधों के ट्रॉयल की मॉनिटरिंग, पुलिस लाइन डीएसपी रक्षित केन्द्र दुर्ग का पर्यवेक्षण कार्य, डीएसपी भारती मरकाम को आईयूसीएंडडब्लू, महिला थाना, महिला सेल, परिवार परामर्श केन्द्र जिला दुर्ग, डीएसपी आकर्षी कश्यप को आईयूसीएंडडब्लू, परिवार परामर्श केन्द्र जिला दुर्ग, ट्रैफिक डीएसपी सदानंद विंध्यराज को ट्रैफिक की जिम्मेदारी दी गई है। एएसपी शहर सुखनंद राठौर को पुलिस नियंत्रण कक्ष, जिला विशेष शाखा, अपराध, साइबर सेल, जिला पुलिस दुर्ग के सत्कार, शिष्टाचार, अधिकारी, एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा को एसपी कार्यालय की शाखाएं, रक्षित केन्द्र आदि संभालेंगे।






## शुक्रवारी बाजार नगपुरा में पकड़ाई अवैध शराब दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत शुक्रवारी बाजार नगपुरा में पुलिस ने 133 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की। शराब की कीमत 11,900 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा पुलिस ने मौके से 7 बोतल महुआ शराब भी जब्त की है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों राजू पारधी और रामधारी पारधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली की कि घटना स्थल पर शराब बेचने के फिराक में बाइक सीजी 07 सीडब्लू 0849 में दो लोग खड़े हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की। दोनों आरोपियों को शराब के साथ गिरफ्तार किया। बता दें कि पिछले लंबे समय से नगपुरा और इसके आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री का खेल चल रहा है। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होते रही है। इसे देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शराब तस्करों की धरपकड़ शुरू की गई है।




## खबर संक्षेप

### पंचगव्य चिकित्सा व पर्यावरण संतुलन के लिए गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित

**भिलाई।** शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में गौ विज्ञान परीक्षा का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन एवं गंभीरता के साथ सहभागिता की। गौ विज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की मूल भावना, गौ माता के धार्मिक, वैज्ञानिक एवं आर्थिक महत्व, गौ संरक्षण, जैविक कृषि, पंचगव्य चिकित्सा तथा पर्यावरण संतुलन में गौ आधारित योगदान से अवगत कराना रहा। परीक्षा का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यालय द्वारा बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था, निगरानी एवं समय प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा गया। शिक्षकों ने पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ परीक्षा संचालन में सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य बिपिन देशमुख ने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों,संस्कारों एवं वैज्ञानिक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सचिव एस. स्वामिनाथन ने गौ विज्ञान परीक्षा के सफल आयोजन पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, परीक्षा पर्यवेक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### लंगूरवीर मंदिर में शिवजी का महाभिषेक कल

**दुर्ग।** भगवान लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार दुर्ग में शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 22 जनवरी को शिवजी का महाभिषेक व हवन-पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया है। शिवजी का महाभिषेक प्रातः 9 बजे से शुरु होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर पब्लिक ट्रस्ट के सचिव रविशंकर ढीमर ने श्रद्धालुओं से शिवजी के महाभिषेक व भंडारा में शामिल होने की अपील की है।

### सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन

**भिलाई।** शिक्षक साहित्य परिषद के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन एवं शिक्षक-साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन राजिम गरियाबंद में किया गया। राज्यपाल रमन डेका ने पुस्तक एक पेड़ मां के नाम का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने शिक्षकों एवं साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित 31 साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षक–साहित्यकार संगीता साहा, शिक्षक सेजेएस बोरी को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### रोजगार मेला कल

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक में 22 जनवरी को पूर्वान्ह 10:30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के दो नियोजकों के माध्यम से कुल 126 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। इस कैंप में 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई., डिप्लोमा एवं किसी भी विषय में स्नातक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले आवेदक सम्मिलित हो सकते हैं ।

# शॉपिंग कॉम्पलेक्स, मंगल भवन, मिलेट्स कैफे को दिया जाएगा किराए पर

## एमआईसी में निर्णय, 9.34 करोड़ रुपए से विकास कार्यों को मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा में लंबे समय से बंद पड़े करोड़ों रुपए के शॉपिंग कॉम्पलेक्स, मंगल भवन और मिलेट कैफे को किराए पर देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस लेकर मंगलवार को महापौर निर्मल कोसरे के कक्ष में एमआईसी की बैठक हुई। जिसमें निगम के क्षेत्र में 9.34 करोड़ रुपए का विकास कार्यों को लेकर शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। बैठक में निगम सचिव अश्विनी चंद्राकर ने एक के बाद एक कर एजेंडा की जानकारी देकर सदस्यों को अवगत कराया।

महापौर निर्मल कोसरे ने सदस्यों से चर्चा करते हुए उक्त विषयों पर निगम आयुक्त डीएस राजपूत को अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। इसमें निगम क्षेत्र के उत्तर वसुंधरा नगर में स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स में खाली पड़ी दुकानों, जो लंबे समय से नहीं बिक पाई है, उसे किराए पर देने का मुद्दा रखा गया। इसके अलावा क्षेत्र के सिररास गेट भिलाई तीन के स्वीमिंग पूल (तरणताल), मंगल भवनों और मिलेट कैफे को भी किराये पर दिए जाने को लेकर बातचीत की गई। इस दौरान सभी सदस्यों ने किराए पर दिए जाने का समर्थन किया। इससे निगम के कोष में राजस्व आने पर शहर के विकास बेहतर ढंग से होने की भी अपनी-अपनी बात रखा गया।

इसके अलावा वार्ड 30 उरला में डोम शेड का निर्माण भी कराया जाएगा। बैठक में एमआईसी सदस्य मोहन साहू, ईश्वर साहू, मनोज कुमार, डी. वेंकट रमना, एम. जॉनी, दीप्ति आशीष वर्मा, संतोषी निषाद, देवकुमारी भलावी के अलावा कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक ग्रेड 2 राजू वर्मा, लिपिक अविनाश चन्द्राकर, प्रभारी जन सम्पर्क विकास चन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

## प्रदर्शन : डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

# धान घोटाले को लेकर कांग्रेस ने निकाली चूहों की बारात, कहा-जनता मांग रही जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान घोटाले का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने बाजे-गाजे के साथ चूहों की बारात निकाली। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के सामने पहुंचे और धान चूहों ने नहीं बल्कि मंत्रियों व अफसरों ने खाकर करोड़ों रुपयों के धान घोटाला करने का आरोप लगाया। चूहों की बारात में पिंजरे में कैद असली चूहों के अलावा चूहों का भेष धरे लोगों ने धान घोटाले के इस मामले में जनता का खास ध्यान अपनी ओर खींचा। चूहों का भेष धरे लोगों को बारात में प्रदेश के मंत्रियों का प्रतीकात्मक स्वरुप दिया गया। नकली चूहे पूरे प्रदर्शन के दौरान आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रदर्शनकारी दोपहर करीब 1 बजे रैली की शक्ल में रवाना हुए। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों द्वारा प्रदेशभर में करीब 26 करोड़ रुपए के धान घोटाला होने का आरोप है। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह राशि प्रदेश के मंत्री व अफसर खा गए हैं और अपनी जिम्मेदारियों से बचने वे चूहों को जबरदस्ती बदनाम कर रहे हैं। यह प्रदर्शन दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू, महापौर निर्मल कोसरे, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजेश यादव, देवेन्द्र देशमुख, अय्यूब खान सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।

## प्रदर्शन के दौरान की नारेबाजी





### ज्ञापन में शत प्रतिशत धान खरीदी की मांग की गई

ज्ञापन में करोड़ों रुपए के धान घोटाले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्यवाही, धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने एवं टोकन लिमिट बढ़ाकर किसानों का शत-प्रतिशत धान खरीदी करने की प्राथमिकता से मांग की गई। इसके पहले चूहों की बारात निकाली गई। चूहों की बारात में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे। कांग्रेस कार्यकर्ता रैली की शक्ल में जिला भाजपा कार्यालय के सामने से होते हुए पटेल चौक पहुंचे। पटेल चौक से कलेक्ट्रेट की ओर कूच करने पर प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों को पुलिस बल द्वारा बेरीकेड्स लगाकर रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आक्रोशित कांग्रेसियों ने बेरीकेट्स की सुरक्षा व्यवस्था को लांगकर कलेक्ट्रेट की ओर आगे बढ़ गए। जहां दूसरे लेयर की सुरक्षा व्यवस्था के पहले प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों को सुरक्षा बलों द्वारा रोक लिया गया। इस दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मचारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच मामूली झूमाझटकी भी हुई।

### कलेक्ट्रेट के ठीक सामने दिया धरना, की नारेबाजी

धान घोटाले के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन स्थल पर ही धरने पर बैठ गए और प्रदेश सरकार के मंत्रियों व अफसरों के भ्रष्टाचार को उजागर करते नजर आए। इस बीच जिला प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम धुरव प्रदर्शन स्थल पहुंचे और प्रदर्शनकारियों की मांगे सुनकर राज्यपाल के नाम उनका ज्ञापन स्वीकार किया। राकेश ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में करोड़ों रुपये के धान घोटाला का मामला सामने आया है, लेकिन भाजपा सरकार अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश कर रही है, क्योंकि इस घोटाले में मंत्रियों व अफसरों का हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। धान मुसवा ने नहीं, बल्कि भाजपा सरकार और उसके मंत्रीगणों ने खा लिया है। यह सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार का बड़ा प्रमाण है।



### सरकार को चाहिए कि धान के हर दाने का हिसाब दें

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन आज वही कटोरा करोड़ों के घोटाले से खाली किया जा रहा है। कबीरधाम जिले के बाजार चारभाठा और बरघरा संग्रहण केंद्रों से 26 हजार क्विंटल धान गायब होना, महासमुंद में 81 हजार क्विंटल से अधिक धान की कमी और बेमेतरा, जशपुर जैसे जिलों में करोड़ों की अनियमितताएं यह तर्क नहीं, बल्कि व्यवस्था पर लगा सबसे बड़ा तमाचा है। अगर सच में चूहे इतने ताकतवर हैं कि करोड़ों का सरकारी अनाज निगल जाएँ, तो फिर भंडारण व्यवस्था, निगरानी तंत्र और जिम्मेदार अफसर किस काम के हैं? धीरज बाकलीवाल और राजेन्द्र साहू ने प्रदेश में सामने आए धान घोटाले को महाघोटाला बताया है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर धान चूहे नहीं खा सकते हैं। राज्य सरकार अपने मंत्रियों व अफसरों को बचाने चूहों को जबरदस्ती बदनाम कर रहे हैं।

# बकाया किराया नहीं जमा करने पर 12 दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



गंजपारा स्टेट बैंक के पीछे आवंटित दुकानदारों द्वारा नियमित किराया जमा नहीं किया जा रहा है। निगम के बाजार विभाग ने इसे लेकर पिछले दिनों नोटिस भी जारी किया। इसे गंभीरता से नहीं लेने पर मंगलवार को 12 दुकानें सील कर दी गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रभारी बाजार अधिकारी अभ्यूदय मिश्रा, सहायक शशिकांत यादव, सहायक ईश्वर वर्मा मौजूद थे। प्रत्येक दुकान का प्रतिमाह किराया निर्धारित है। किराए में वृद्धि की सूचना भेजकर दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन अधिकांश दुकानदारों ने समय पर भुगतान नहीं किया। निगम अधिकारियों ने बताया कि जिन दुकानदारों पर कार्रवाई की गई, उनमें मोहम्मद हसन खान, पूजा सेन गंजपारा, शंकर शर्मा, मोहम्मद जाकिर, नेहा केसरवानी, प्रहलाद लालवानी, अय्यूब गहलोत, शीतल जांगीड़, मुनव्वर अली, जाकीर हुसैन, नागेश्वर सोनकर, गिरधारी देवांगन शामिल हैं। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने चेताया है कि भविष्य में भी किराया न जमा करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से निगम का उद्देश्य न केवल बकाया रिकवरी करना है बल्कि अन्य दुकानदारों को समय पर किराया जमा करने के लिए सतर्क करना भी है।

# अयोध्या धाम की स्पेशल ट्रेन को विधायक ललित ने दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मंगलवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन से रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम के लिए संचालित विशेष श्रद्धालु ट्रेन को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार सहित जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर विधिवत रूप से रवाना किया गया। चंद्राकर ने कहा कि यह अवसर केवल एक यात्रा की शुरुआत नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के प्रति जन-जन की अटूट आस्था, श्रद्धा और भावनात्मक जुड़ाव का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, पिंटू, महेन्द्र चोपड़ा, रितेश जैन, आशीष नीमजे सहित रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने रविशंकर स्टेडियम ग्राउंड का किया निरीक्षण



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में रविशंकर स्टेडियम ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग, झांकी के एंट्री-एक्जिट प्लान एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

परेड में पुलिस, नगर सेना एवं एनसीसी, स्काउट गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगी। समारोह सुबह नौ बजे शुरू होगा। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों सहित विभिन्न विभागों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय योजनाओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# लचीलापन मनवा कुर्मी समाज की पहचान : विजय बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज का वार्षिक अधिवेशन शंकर नगर स्थित छात्रावास भवन में सम्पन्न हुआ। सांसद विजय बघेल, राज प्रधान ईश्वरी वर्मा, न्यूरोसर्जन डॉ. एसएन मढ़रिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

- मनवा कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन



कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र की शुरूआत बच्चो तथा महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों के साथ हुई, उसके बाद खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। दूसरे सत्र में मंचीय कार्यक्रम के रूप हुआ। अध्यक्ष रोशन वर्मा ने स्वागत भाषण व वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्रावास समिति का प्रतिवेदन धरम वर्मा ने प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।विजय बघेल ने सामाजिक समरसता तथा लचीलापन को विशेषता के रूप में रेखांकित करते हुए कहा कि इसी के कारण समाज में कई कई रूढ़िवादी परंपराएं हटाई जा सकी। कार्यक्रम का संचालन कौशल वर्मा, धरम वर्मा तथा हरि वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मन्नू लाल परगनिहा, तेज बहादुर बंछोर, गजानंद वर्मा, बीके मढ़रिया, केके वर्मा, डीके मंडरिक, हिम्मत वर्मा, दिनेश वर्मा, खड़ानन्द वर्मा, डी एल वर्मा, मेघनाथ वर्मा, महिला इकाई अध्यक्ष कांति चंद्रवंशी, किरण वर्मा, दुलारी वर्मा, अनुसुइया वर्मा, जानकी वर्मा, सीमा वर्मा, सरिता वर्मा आदि बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

## भारत सरकार की पहल पर प्रशिक्षण अभियान के लिए शासन से मिला फंड

# उद्योगों के विकास के लिए बनेगा फैसिलिटेशन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग संभाग के चार जिलों में कार्यरत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई, छोटे उद्योगों और व्यवसाय करने वालों को बौद्धिक संपदा अधिकार यानी आईपीआर की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए भारत सरकार ने रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। यूनिवर्सिटी में आईपीआर फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया गया है जो दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद और नारायणपुर जिले में उद्योगों और व्यवसायियों के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम चलाएगा। आगामी माह प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत होगी। भारत सरकार के निर्देश अनुसार इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि छोटे उद्योग, एमएसएमई इकाइयां और व्यापार करने वाले लोग अपने उत्पाद, ब्रांड नाम, लोगो, डिजाइन और नए आविष्कारों को सुरक्षित करना सीखें। कई व्यवसाय ऐसे हैं जिनका ट्रेडमार्क पंजीकृत नहीं है या जिनके पास कोई नया उत्पाद या तकनीक होने के बावजूद पेटेंट नहीं कराया गया है। जानकारी के अभाव में ऐसे उद्योग अपने ही नवाचार की सुरक्षा नहीं कर पाते और नुकसान उठाना पड़ता है।

### पेटेंट, ट्रेडमार्क पैकेजिंग की दी जाएगी जानकारी

रुंगटा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान यह समझाया जाएगा कि किसी उत्पाद, मशीन, प्रक्रिया, पैकेजिंग, ब्रांड नाम या डिजाइन को किस तरह कानूनी रूप से सुरक्षित किया जा सकता है। इससे व्यवसाय सुरक्षित रहेगा और बाजार में उसकी अलग पहचान बनी रहेगी। कार्यक्रमों में यह भी जानकारी दी जाएगी कि सरकार की ओर से पेटेंट, ट्रेडमार्क और अन्य अधिकारों के पंजीकरण के लिए किस प्रकार की आर्थिक सहायता उपलब्ध है। इसमें आवेदन प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेज और शुल्क में छूट या वापसी की जानकारी दी जाएगी, ताकि छोटे उद्योग बिना आर्थिक बोझ के अपने नवाचार को सुरक्षित कर सकें।

### पूरी तरह निशुल्क है ट्रेनिंग

यूनिवर्सिटी के डीन आरएंडडी डॉ.आरके राठौर ने बताया कि जब एमएसएमई और छोटे उद्योग आईपीआर को समझेंगे, तो वे नए उत्पाद बनाने, तकनीक सुधारने और बड़े बाजारों में आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास के साथ काम कर पाएंगे। इससे उद्योगों में नवाचार बढ़ेगा और स्थानीय व्यवसाय मज़बूत होंगे। चारों जिलों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की तिथियां और स्थान उद्योग संघों और संबंधित संस्थानों के सहयोग से जल्द घोषित किए जाएँगे। इन कार्यक्रमों में भाग लेना पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।

### कैसे काम करता है आईपीआर

आईपीआर के अंतर्गत मुख्य रूप से 6 अधिकार आते हैं। पेटेंट के तहत किसी नई खोज, तकनीक, मशीन या प्रक्रिया को सुरक्षा मिलती है, जिससे कोई दूसरा व्यक्ति उसे बिना अनुमति इस्तेमाल नहीं कर सकता। ट्रेडमार्क किसी उत्पाद, संस्था या सेवा के नाम, लोगो और पहचान को सुरक्षित करता है, ताकि बाजार में उसकी अलग पहचान बनी रहे। कॉपीराइट किताब, शोध पत्र, लेख, संगीत, चित्र, वीडियो और शैक्षणिक सामग्री जैसे रचनात्मक कार्यों को सुरक्षा प्रदान करता है। औद्योगिक डिजाइन किसी उत्पाद की बनावट, आकार और बाहरी रूप को सुरक्षित करता है। भौगोलिक संकेत किसी विशेष क्षेत्र से जुड़े उत्पादों की पहचान को संरक्षण देता है। वहीं पौधा किस्म अधिकार नई विकसित फसल या पौधों की किस्म को सुरक्षा देता है।

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर दुर्ग-भिलाई में जश्न, की आतिशबाजी



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर भिलाई-दुर्ग में जश्न का माहौल है। दुर्ग में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। पटेल चौक में एकत्रित होकर आतिशबाजी की। इसी प्रकार भिलाई में घड़ी चौक में अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। कार्यकर्ता बढ़ी संख्या में मौजूद थे। पटेल चौक में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, जिला महामंत्री दिलीप साहू सहित अन्य पहुंचे। वहीं भिलाई घड़ी चौक में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन पहुंचे। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान ने मजबूत संगठन को और मजबूत बनाने के लिए युवा को मौका दिया है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढ़ रहा है। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की सहभागिता केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। ललित चंद्राकर ने कहा कि नितिन नबीन के कार्यकाल को सफल, प्रेरक और स्मरणीय रहने की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक अनुभव, कार्य कुशलता एवं समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, अशोक राठी, मंत्री गिरेश साहू, गायत्री वर्मा, शैलेंद्र शेंडे, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अहिवारा में बसंत पंचमी महोत्सव 23 को

**नंदिनी।** अहिवारा में मां संतोषी मंदिर स्थापना दिवस व मां सरस्वती जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक मां संतोषी मंदिर प्रांगण में सस्वर मानस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक मंडल के सदस्य ने बताया कि 23 जनवरी बसंत पंचमी महोत्सव में सुबह 11 बजे से मानस गान स्थानीय मानस मंडली द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। इसी तरह मां भारती मानस मंडली ग्राम जूगदेही जिला धमतरी, जय भवानी महिला मानस मंडली, कुर्रा भखारा धमतरी, जस जागृति जस बईहा झांकी परिवार मावली भाटा जिला बेमेतरा,धरोहर पंडवानी पार्टी गायिका इंस्पेक्टर तरुण साहू राजनंदगांव संध्या, जय छत्तीसगढ़ बालक रामधुनी मंडली ग्राम देवरी भखारा, भरथरी (लोकगाथा) भरथरी गायिका रेखा देवी जलक्षत्रिय द्वारा सहित रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### औरी में जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव और प्रदर्शनी 23 को

**जामगांव आर।** पशु धन विकास विभाग द्वारा ग्राम औरी में 23 जनवरी को 10 बजे से 5 बजे तक जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति नीलम राजेश चंद्राकर करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, जनपद अध्यक्ष कीर्ति दुर्गेश नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जनपद सदस्य द्वय रवि सिन्हा, रामकुमार चंद्राकर और सरपंच मीनू शर्मा मंच पर आसीन रहेंगे। उक्त जानकारी पशु चिकित्सालय डॉ बी मुखोपाध्याय ने देते हुए पशु पालकों ग्रामीणों को भरपूर लाभ उठाने की अपील किए।

### भेड़सर में मड़ई 27 को

**दुर्ग ।** ग्राम भेड़सर में ग्रामवासियों के सहयोग से 27 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में चिन्हारी सांस्कृतिक कार्यक्रम (अर्जुन्दा) के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी गणेशराम देशमुख ने दी।

### माँ शाकम्भरी देवी पूजन महोत्सव आज

**जामुल।** कोसरिया मरार-पटेल समाज के तत्वावधान में ग्राम कचांदुर (जेवरा-सिरसा ) में शाक-भाजी, फल-फूल की दात्री माँ शाकम्भरी देवी पूजन महोत्सव का आयोजन 21 जनवरी बुधवार को किया गया है। सुबह कलश यात्रा के पश्चात माँ शाकम्भरी पूजन एवं आरती होगी। वहीं बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा 1 मुख्य अतिथि जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे होंगी। अध्यक्षता गया पटेल अध्यक्ष दुर्ग राज कोसरिया मरार - पटेल समाज करेंगे। विशेष अतिथि जितेन्द्र यादव सभापति जिला पंचायत दुर्ग , गोकुल वर्मा सभापति- जनपद पंचायत दुर्ग तथा विशेष आमंत्रित अतिथि सरपंच कीर्तन साहू एवं पंचगण ग्राम पंचायत कचांदुर रहेंगे। माँ शाकम्भरी पूजा पं. शारदा प्रसाद दुबे जेवरा-सिरसा द्वारा सम्पन्न किया जाएगा। आयोजकों ने इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## निधन

### रामशंकर अवस्थी



**भिलाई।** सेवानिवृत्त बीएसपी फायर ब्रिगेड कर्मी रामशंकर अवस्थी 87 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 21 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास एलआईजी-2446, हाउसिंग बोर्ड, कैलाश नगर, भिलाई से प्रस्थान करेगी। दाह संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में होगा। वे राकेश कुमार तिवारी के ससुर एवं निशा, सुधा, शशि के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर में परीक्षा पे चर्चा

# रोजाना तैयारी से आएगा गौरवान्वित करने वाला परीक्षा परिणाम : नागले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

### विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए जरूरी टिप्स दिए विद्वानों ने



सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के मार्गदर्शन में दुर्ग विभाग के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में परीक्षा पे चर्चा और संस्कार प्रधान शिक्षा पर कार्यशाला आयोजन योजना बद्ध जारी है। इसी तारतम्य में मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर एवं बटरेल में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें जामगांव आर में भिलाई से आए संस्कार मर्मज्ञ अतुल नागले और बटरेल में सेक्टर-4 विद्यालय व्यवस्थापक हेमंत नायडू मुख्य वक्ता थे। वहीं समिति कोषाध्यक्ष बसंत राव शिन्दे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान अतुल नागले ने कहा कि परीक्षा की तैयारी विद्यालय प्रारंभ से होती है तब से हमें अपनी तैयारी शुरु कर देनी चाहिए। केवल परीक्षा के समय आनन फानन में तैयारी करना बेहतर परिणाम दायक नहीं होती। रोजाना की पढ़ाई लिखाई ही परिक्षा में अच्छा परिणाम लाएगी।

बटरेल में मुख्य वक्ता हेमंत नायडू ने कहा कि कर्मठता और इमानदारी के साथ किए जाने वाला कार्य सफलता का पैगाम लाती है। जामगांव आर में प्राचार्य पूरन लाल बारले उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, वरिष्ठ आचार्य हथेश्वर साहू, परमानंद टंडन, प्रीति साहू, धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, सुनीता सेन, शशि यादव, दीपिका साहू, कविता साव,डामिन साहू बटरेल में प्राचार्य अनिल साहू प्रधानाचार्य द्वारिका साहू संतोष यदु सहित स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

### विनायकपुर में मूर्ति स्थापना एवं गुहा जयंती का भव्य आयोजन कल

**अंडा।** विनायकपुर (डोंगाघाट) में निषाद समाज एवं देवरी (ख) के द्वारा श्री राम, लक्ष्मण, सीता, भक्त गुहा निषाद एवं श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना एवं गुहा जयंती का आयोजन 22 जनवरी को रखा गया है। जिसमें सुबह 9 बजे कलश शोभायात्रा निकलेगी। सुबह 10 बजे मूर्ति स्थापना विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ होगी। कार्यक्रम विनायकपुर (डोंगाघाट) में मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद (विधायक गुण्डरदेही एवं प्रांतीय अध्यक्ष निषाद समाज) करेंगे। विशिष्ट अतिथि घनश्याम सिंह निषाद (जिला अध्यक्ष, निषाद समाज दुर्ग), राजेन्द्र निषाद (अध्यक्ष, निषाद समाज बालोद), योगेन्द्र दिल्लीवार (सरपंच, विनायकपुर), कुसुम प्रमोद देशमुख (सरपंच, देवरी (ख), तोरण निषाद (क्षेत्रीय अध्यक्ष, डगनिया परिक्षेत्र) और रामसुख सरपे (क्षेत्रीय अध्यक्ष, चिरपोटी परिक्षेत्र) सहित अन्य होंगे।



# भक्ति में डूबे श्रद्धालु माहौल हो गया शिवमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंजोरी

■ हजारों की तदाद में श्रद्धालुओं नेउपस्थिति दी और लिया आशीर्वाद

ग्राम चिंगरी में शिव महापुराण कथा के आखिरी दो दिन श्रद्धालु बड़ी तादाद में यहां पहुंचे, जिससे समूचा माहौल शिवमय हो गया। मां अंबे दुर्गा उत्सव नवयुवक मंडल एवं सर्व समाज द्वारा आयोजित इस पावन श्रृंखला का समापन शिव-पार्वती विवाह, गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म एवं विवाह, पार्थिव शिवलिंग पूजन, तर्पण, हवन तथा महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिससे पूरा ग्राम शिव-पार्वती की कृपा से आलोकित हो उठा।

कथा व्यास पं. महेंद्र पांडेय ने अंतिम दो दिवसों में शिव-पार्वती विवाह की महान लीला का रसपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सती के आत्मदाह के बाद माता पार्वती ने हिमालय के घर जन्म लिया और कठोर तप से भगवान शिव को पुनः प्रसन्न किया। विवाह अत्यंत भव्य रूप से संपन्न हुआ, जहां हिमालय ने कन्यादान किया, देवताओं ने उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया और शिव ने पार्वती को अपनी अर्धांगिनी बनाया। यह कथा प्रेम, तपस्या और दिव्य मिलन की अमर गाथा है।

समापन पर पार्थिव शिवलिंग का विधि-विधान से पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने जल, दूध, बिल्वपत्र, रुद्राक्ष आदि से लिंग पूजा की। इसके बाद तर्पण एवं हवन संपन्न हुआ, जिसमें पूर्वजों और पुण्यात्माओं की शांति के लिए आहुतियां दी गईं। पूजन पश्चात महाप्रसाद वितरित किया गया, जिसे ग्रामवासियों ने भक्ति-भाव से ग्रहण किया। अंतिम दो दिवसों में श्रद्धालुओं की संख्या हजारों में पहुंच गई और पूरा ग्राम 'हर हर महादेव' तथा 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा।

### बसंत पंचमी पर चंदखुरी में होगी मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना

**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम चंदखुरी (सड़क पारा) स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की भव्य मूर्ति स्थापना का आयोजन कार्यक्रम 23 जनवरी को किया जा रहा है। माता-पिता स्वर्गीय बसुंतला एवं स्वर्गीय चतुर सिंह साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में मूर्ति स्थापना एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। आयोजकों में कुसुम नरेंद्र साहू, सरिता रोमनाथ साहू, रमा भूपेन्द्र साहू तथा नेमिन जितेन्द्र साहू शामिल हैं।

### पिता की याद में लगाए पौधे, रक्षा का लिया संकल्प



**उतई।** वार्ड 09 नेहरू नगर निवासी कुशाल चंद्र साहू (78 ) निधन हो गया। उनकी याद में दशगात्र के दिन परिजनों ने तालाब के किनारे पीपल का पौधा लगाकर इस पौधे को सहजने की शपथ ली। साहू परिवार के तीन भाइयों में स्व कुशाल चंद्र साहू सबसे बड़े थे। जिनकी स्मृति परिवारजनों ने मिलकर पौधा लगाया। इस दौरान जितेंद्र साहू , अध्यक्ष नगर साहू समाज उतई किशोर साहू बालमुकुंद साहू ,विशाल साहू घनश्याम, प्रमोद, लोकेश, पदुमलाल चिमन लाल, नाथूराम और ललित साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चिंगरी में मंडई मेला आज

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में मातर चौतरा की नई जगह पर भव्य मंडई मेला आयोजित होगा। यह पारंपरिक मेला दिनांक 21 जनवरी को आयोजित होगा।

इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत रात 10:00 बजे से मोर मयारू नाच पार्टी साराबोग जिला (उड़ीसा) वालों का मंचीय प्रदर्शन होगा। ओडिशा की यह नृत्य मंडली अपनी रंग-बिरंगी वेशभूषा, लोकगीतों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के लिए जानी जाती है।

## बिजनेस साइट

### बढ़ रहे यूरेटर स्ट्रिक्चर के मामले, लापरवाही से जा सकती है किडनी



**भिलाई।** पुरुषों में यूरेटर स्ट्रिक्चर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यदि समय पर इसका इलाज नहीं किया गया तो यह किडनी स्टोन, मूत्र नली संक्रमण से लेकर किडनी फेल्योर तक कारण बन सकते हैं। हाइटेक में पिछले तीन माह में यूरिनरी समस्याओं से जुड़ी 141 से अधिक छोटी बड़ी सर्जरी की गई है। उक्त जानकारी यूरोलॉजिस्ट डॉ नवीन वैष्णन ने दी।

डॉ. वैष्णव ने बताया कि पिछले चार महीने में हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में यूरनरी प्राब्लम्स से जुड़ी 93 बड़ी सर्जरियां की गईं। इनमें नेफ्रोयूरेटेरोक्टामी विथ ब्लैडर कफ एक्सीजन, बक्कल म्यूकोसा ग्राफ्ट यूरेथ्रोप्लास्टी, टीयूआरपी, पथरी, किडनी की पथरी तथा ब्लैडर से थक्कों का हटाया जाना शामिल था। डॉ. वैष्णव ने बताया कि ऐसे अधिकांश मामलों के शुरुआती लक्षणों में ज्यादा अंतर नहीं होता। पेशाब का रुक रुक कर आना, पतली धार में आना, ब्लैडर का हमेशा भरा-भारी लगना, पेट के निचले हिस्से में वजन जैसा महसूस होना, आदि शामिल होते हैं। पेशाब रुकने के कारण संक्रमण, मूत्र का किडनी की ओर लौटना जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे मामलों में तत्काल जांच करवानी चाहिए। अधिकांश मामले दवाइयों तथा भोजन में सुधार से ठीक किये जा सकते हैं। इसके अलावा मूत्रमार्ग की स्टेंटिंग, स्टेंट निकालना, खतना, वीआईयूसी तथा एसपीसी-पीसीएन जैसी माइनर प्रक्रियाएं भी अस्पताल में की गईं। इनमें आम तौर पर मरीज को एक या दो दिन में ही छुट्टी दे दी जाती है। डॉ वैष्णव ने बताया कि मूत्र से जुड़ी किसी भी समस्या का तत्काल उपचार जरूरी होता है। इससे मामला किडनी तक नहीं पहुंचता। इसलिए पेशाब में लगातार जलन होने, पेशाब की मात्रा कम होने या उसका रंग जरूरत से ज्यादा गाढ़ा होने, पेशाब के समय दर्द होने या पेशाब कम होने के साथ पेट के निचले हिस्से में भारीपन महसूस होने पर तत्काल किसी यूरोलॉजिस्ट से सम्पर्क करना चाहिए।

### सिल्क इन्डिया की प्रदर्शनी के लिए सभी के लिए फ्री एन्ट्री



**भिलाई।** स्टील क्लब सेक्टर -8, भिलाई में संचालित प्रदर्शनी की संचालिका द्वारा भिलाई दुर्ग वासियों के लिए 15 जनवरी से 25 जनवरी तक इस प्रदर्शनी का आयोजन आपकी ट्विन सिटी नगर वासियों के लिए किया गया है ताकि यहां के रहवासी इस प्रदर्शनी में खरीदी का लुत्फ ले सकें। प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प, हैंडलूम एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालिका तारा ने चर्चा के दौरान बताया यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है, इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है उन्होंने बताया कि जहां कोलकाता की सिल्क साड़ी और भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं भिलाई में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, बनारस की सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़यिां, बनारसी सिल्क साड़ी, लेडिस कुर्ती, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक मुखवास ,भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग,सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। ठंड के इस मौसम पर सामानों की खरीदी कर, विशेष आकर्षण की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान, ग्राहकों हेतु रखे गये है। यहां डेबिट व क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। सुबह 11 से रात 9 बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं एवं असुविधा ना हो इस प्रदर्शनी में इसलिए क्लब मे ही व्यवस्था के साथ भरपूर स्थान पार्किंग के लिए भी है एवं सभी शहर वासियों के लिए क्लब में प्रदर्शनी के लिए प्रवेश फ्री है।

### छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य बनाने दिया मार्गदर्शन



**भिलाई।** फायर, सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई छत्तीसगढ़ निजी प्रशिक्षण संस्थान ने राजनांदगांव में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर एक रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, निर्देशक मनोज ठाकरे और एडवोकेट नेहा गुप्ता एवं ट्रेनर तपन कुमार विश्वास और संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे, फायर एवं सेफ्टी के विद्यार्थियों ने भी अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्था रक्त वीर के द्वारा नागेंद्र यदु एवं उनकी अनुभवी टीम के द्वारा आयोजित किया गया। संस्था फायर सेफ्टी के अनुभवी स्टाफ के द्वारा इस कार्यक्रम में आए छात्र-छात्राओं को रोजगार संबंधी फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा सेफ्टी का प्रशिक्षण प्राप्त कर कैसे प्रशिक्षण कर रोजगार को प्राप्त कर सकते हैं, उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई जिसके उपरांत इस कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अथिति मधुसूदन यादव, महापौर नगर निगम राजनंदगांव के द्वारा संस्था को सम्मानित भी किया गया।

# धान खरीदी के नाम पर बनाया जा रहा है अनावश्यक दबाव : हिरवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



जिला पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने आरोप लगाया है कि धान खरीदी के नाम पर किसानों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने धान खरीदी कि अंतिम तिथि 31 जनवरी के जगह अब 30 जनवरी को तय कर दी है।जैसे जैसे यह तिथि नजदीक आ रही है वैसे वैसे सरकार किसानों व कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बना रही है। क्योंकि 31 जनवरी को समितियों में उपार्जन हेतु काटा गया टोकन अब 29 जनवरी को शिफ्ट कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसान को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पहले किसान खाद और बीज के लिए परेशान थे। अब किसी भी तरह अपनी उपज को बचा लिया है तो सरकार उसे खरीदने के लिए आना-कानी कर रही है। सरकार मोदी की गारंटी में एक एक दाना खरीदने कि बात कर रही थी आज वही सरकार किसानों को चोर व दलाल बताते हुए, घर घर जाकर उनके उपज का सत्यापन कराने में जुटी है। पटवारी व कोतवाल घर घर जाकर किसानों के साथ दबावपुर्ण ढंग से दुर्व्यवहार कर रहे हैं। जिससे किसान मानसिक रुप से प्रताड़ित हो रहे हैं और वो दिन भी दूर नहीं कि इस प्रताड़ना से ग्रसित किसान आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर ना हो जाये। दूसरी तरफ धान नहीं बिक पाने व टोकन नहीं मिल पाने से किसान के आक्रोश का शिकार पटवारी व कोतवाल न हो जाये यह भी खतरा बना हुआ है। सत्यापन में लगे पटवारी व कोतवाल कि सुरक्षा का जिम्मेदार कौन होगा यह भी एक प्रश्न का विषय है सरकार किसान का धान खरीदने से बचने का प्रयास कर है , कई किसान अपनी जमीन रेग में देकर कृषि कार्य कर रहे हैं जिसका उपज अन्यत्र जगह रख दिया गया है।

### अन्नदाताओं का एक-एक दाना खरीदी करेगी साय सरकार: यदु

**उतई।** भाजपा उतई मंडल के महामंत्री प्रवीण कुमार यदु ने धान खरीदी के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य के अन्नदाताओं को कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।



उनकी मेहनत के उपज का एक-एक दाना साय सरकार खरीदी करेगी। निर्धारित समय सीमा पर किसी कारण से धान नहीं बेच पाए तो हमारी भाजपा सरकार समय सीमा बढ़ाने का भी फैसला किसान हित में ले सकती है। धान खरीदी पर कांग्रेस के तरह तरह के आरोप पर जवाब देते हुए प्रवीण यदु ने कहा कि कांग्रेसी मुद्दा विहीन है सिर्फ माहौल खराब करने की नाकाम कोशिश में लगे हुए हैं। जबकि हमारी सरकार ने पिछली भूपेश बघेल सरकार के धान खरीदी के 92.2 लाख मीट्रिक टन के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए अब तक सर्वाधिक 105 लाख मीट्रिक टन खरीदी कर रिकॉर्ड बना चुके हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों के झूठे आरोप से किसानो का कोई सरोकार नहीं है भूपेश सरकार में धान सुखत का अडका 6.32 था जो अब साय सुशासन में घट कर 3.49 है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाताओं का एक-एक दाना खरीदने के लिए तैयार है जरूरत पड़ी तो धान खरीदने के समय सीमा बढ़ाई जाएगी।

### दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन कथा 25 से

**अंडा।** ग्राम देवरी (ख), तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन कथा एवं विशाल भोजन भंडारा का आयोजन 25 जनवरी रविवार एवं 26 जनवरी सोमवार को होगा।



कार्यक्रम में प्रवचन कर्ता कामता प्रसाद शरण (कुरेरादादर, जिला गरियाबंद) अपने प्रवचनों एवं संगीतमय हरिकीर्तन कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर करेंगे। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी धर्मप्रेमी नागरिक सपरिवार सहभागी बन सकेंगे।

### स्कूली बच्चों की उपस्थिति में होगा ध्वजारोहण



**जामगांव आर।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने जामगांव आर के सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक ग्रामपंचायत भवन में ली। ग्रामपंचायत सर्व संस्था बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी थाना ,ग्रामीण बैंक, उपतहसील ,सहकारी बैंक, पशु चिकित्सालय ,आंगनबाड़ी में पहुंचकर ध्वजारोहण संपन्न कराएंगे।

सेजस डीएम हॉस्पिटल, ग्रामपंचायत भवन और किसान चौक में ध्वजारोहण कराएंगे। विजन स्कूल सेवा सहकारी समिति और विद्युत कार्यालय में तथा प्राथमिक शाला आंगनबाड़ी क्रमांक एक दो तीन चार में ध्वजारोहण कराने का दायित्व निर्वहन करेंगे।विद्यालय अपने अपने विद्यालयों में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक प्रहसन जो योजना में संपन्न करा सकेंगे। बैठक में , रजनीश तिवारी - सहायक प्राध्यापक ( कॉलेज), डॉ बी मुखोपाध्याय (पशु चिकित्सक),लिकेश्वर साहू ( उप प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर),ग्रामीण बैंक बीएम सौरभ सोनकरडी के साहू , जितेंद्र वर्मा विद्युत विभाग,बीना वर्मा (विजन पब्लिक स्कूल) नोहर सिंह प्रधान आरक्षक थाना,हेमपुष्पा ठाकुर (प्रा शा ),रमेश कुमार साहू (से स समिति) फगनी निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**

**//सूचना//**

मामले का विषय -अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक-79/अ-6/वर्ष 2024-25
पक्षकार मुरली प्रसाद स्वर्णकार विरूद्ध आम जनता
आम जनता

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी मुरली प्रसाद स्वर्णकार आ स्व. किशोरीलाल निवासी विद्युत नगर सड़क नं. 05 दुर्ग तह. व जिला-दुर्ग के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला-दुर्ग के रा. प्र. क्र. 202307100400377 अ-6 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 31.07.2024 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा-44(2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 12.03.2026 दिन गुरुवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 15.01.2026

(मुहर) आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जिले के स्कूलों में कहीं शिक्षक देरी से पहुंचे तो कहीं गैरहाजिर मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा इन दिनों जिले में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम लाने वाले स्कूलों की मैदानी स्थिति देखने अचानक पहुंच रहे हैं। लगातार औचक निरीक्षण के बावजूद शिक्षकों का रवैया बदला नहीं रहा है। कहीं समय पर टीचर स्कूल नहीं आते तो कहीं गैरहाजिर रहते हैं। स्टॉफ रूम में गप्पे हांकते शिक्षिकाएं और शिक्षक मिल रहे हैं। ऐसा की खुलासा मंगलवार को पाटन विकास खण्ड में हुआ।

## पाटन ब्लॉक में 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों का औचक निरीक्षण में खुलासा

### औंधी में तीन शिक्षक देरी से पहुंचे, दो गैरहाजिर

निरीक्षण दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला. औंधी पाटन में सहायक शिक्षक द्वय अर्चना सोनी, पुनेश्वरी साहू उपेन्द्र कुमार देवांगन निर्धारित शाला समय उपरांत शाला पहुंचे। जी.एल. वर्मा सहायक ग्रेड-02 और अनामिका उपाध्याय सहायक ग्रेड-03 बिना आवेदन अनुपस्थित मिले। शाला में दर्ज संख्या 193 में से 125 उपस्थिति रही। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला औंधी पाटन में 129 दर्ज संख्या ने 90 तथा शासकीय प्राथमिक शाला औंधी मे 96 दर्ज संख्या में 77 छात्र उपस्थित मिले।



### सेजेस अमलेश्वर में शिक्षक लेट आए

सेजेस अमलेश्वर पाटन के निरीक्षण दौरान नेहा शर्मा, गीता टिअके व्याख्याता एल.बी. तथा मुक्ता ठाकुर व्यायाम शिक्षक शाला समय पर उपस्थित नहीं होना पाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सांकरा पाटन के निरीक्षण दौरान समस्त व्यवस्थाए सही पाया गया ।

### बंटग और अमलीडीह में अध्यापन नहीं स्टॉफ रूम में बैठे मिले

शास.पूर्व माध्यमिक शाला बंटग के निरीक्षण दौरान पंकज चन्द्राकर प्रधानपाठक, मुनेश्वरी चन्द्राकर अध्यापन कार्य न कराया जाकर स्टाफ रूम में बैठे मिले । बच्चों का स्तर कमजोर पाया गया। प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला अमलीडीह का निरीक्षण दौरान पूर्व माध्यमिक शाला से दिनेश बहादुर शिक्षक अनुपस्थित थे। शिक्षक कमरो में बैठे थे। इसी प्रकार प्राथमिक शाला के निरीक्षण दौरान मुकेश कुमार सी.ए.सी मौजूद थे जो अन्य कार्य कर रहा था एवं बच्चों का स्तर कमजोर पाया गया। छात्र-छात्राओं को 15 तक पहाड़ा का ज्ञान नहीं होना पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया है।

### ये निर्देश दिए हैं डीईओ

सभी प्राथमिक / पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने, बारहखडी, पहाड़ा पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने तथा नियत समय पर अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिये। इसी प्रकार हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को नियमित प्रायोगिक कार्य करने, ब्लू प्रिंट के अनुरूप 05 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल कराने, तिमाही छमाही परीक्षा के आधार पर चिन्हांकित विद्यार्थीयों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने एवं प्रायोगिक परीक्षा के बाद भी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व तक नियमित उपस्थिति के निर्देश दिये।

### नोटिस जारी

जिन स्कूलों में शिक्षक गैरहाजिर मिले और देरी से आए हैं उन्हे नोटिस जारी किया गया है। संस्था प्रमुखों को भी नोटिस भेजा है जहां पढ़ाई का स्तर अच्छा नहीं है।

**अरविंद कुमार मिश्रा,** डीईओ

## खबर संक्षेप

### जनवरी में 2 दिन बंद रहेंगी मांस-मटन की दुकानें

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा अंतर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस, मटन विक्रय की दुकानें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर बंद रखी जाएगी। इस तिथि को समस्त पशुवध गृह, जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद करते हुए शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन किया जावे।

### कार्मिकों को मिले सुरक्षा सजगता पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजनाए विभाग द्वारा सुरक्षा सजगता प्रोत्साहन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कार्यपालक निदेश प्रबीर कुमार सरकार के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

विशिष्ट अतिथि सीजीएम अनुराग उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक उन्मेष भारद्वाज, मुख्य महाप्रबंधक मानस कुमार गुप्ता तथा महाप्रबंधक एस सुनोव सहित परियोजनाएं विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। परियोजनाओं में सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कुल 19 ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया। इन श्रमिकों को उनकी सुरक्षा सजगता, सुरक्षित कार्य पद्धतियों एवं अनुकरणीय व्यवहार के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गमुख्य अतिथि ने कहा कि परियोजनाओं की सफलता में सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें प्रत्येक कर्मी की सजगता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैकार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक आरलवंग एवं श्री ब्रजेश दुबे और महाप्रबंधक जेवियर बेक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**अंडा।** हिन्दु सनातन युवा मंच की ओर से परसदा-डंगनिया में छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 22 जनवरी से 26 जनवरी तक किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख एक रुपये और द्वितीय पुरस्कार इक्यावन हजार एक रुपये एवं विनर कप दिया जाएगा।

## सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले नगर सेवाएं भवन में हुए एकजुट

# 32 गुणा किराया वृद्धि से गुस्साए सैकड़ों रिटायर रिटेंशधारियों ने किया जंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारियों की रिटेंशन स्कीम के तहत 32 गुना किराया बढ़ाए जाने से गुस्साए सैकड़ों रिटेंशनधारियों ने मंगलवार को बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग कार्यालय के सामने जंगी विरोध प्रदर्शन किया। बच्चों व पत्नियों के साथ पहुंचे रिटेंशनधारी प्रबंधन से किराया वृद्धि वापस लेने की मांग कर रहे थे। चार घंटे के प्रदर्शन के दौरान रिटेंशनधारी प्रतिनिधियों की नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों से हुई चर्चा में मांगों को उच्च प्रबंधन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। रिटेंशधारियों ने प्रबंधन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है कि यदि इस दौरान सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के बंगले का घेराव करेंगे। सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ भिलाई के बैनर तले आज सुबह नौ बजे से दोपहर 2 बजे तक सैकड़ों रिटेंशन आवासधारियों ने नगर सेवाएं विभाग के प्रशासनिक भवन के सामने प्रदर्शन किया। रिटेंशनधारियों के समर्थन में जिला भाजपा महामंत्री और जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक और पूर्व पार्षदों के साथ बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। बीएसपी द्वारा रिटेशन स्कीम का 32 गुना किराया बढ़ाए जाने से गुस्साए सैकड़ों वृद्ध व वयोवृद्ध रिटेंशनधारी मनमानी किराया वृद्धि राशि वापस लेने की मांग कर रहे थे।

### आदेश निरस्त करने प्रबंधन से मांग, मिला आश्वासन







### भाजपा नेताओं ने कहा, बेघर होने पर होगा आंदोलन

प्रदर्शनकारी अचानक भारी किराया वृद्धि से काफी आक्रोश में थे और इसे वापस लेने संबंधी तल्खीभरे नारों की तख्तियां पकड़े हुए थे। वे मांगों को लेकर सीधे विभाग के सीजीएम से चर्चा करने की मांग कर रहे थे। इसके पहले 12 बजे महिला डीजीएम के गेट पर ज्ञापन लेने आने पर चर्चा से इनकार कर दिया। इसके बाद 12.35 बजे वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के 5 प्रतिनिधियों को कान्फ्रेंस हाल में चर्चा के लिए बुलाया। संघ के कोर ग्रुप के सुरेशचंद, सुमन कन्नौजे,ज्ञानचंद जैन,मो.रफी और राधा रमण चौबे ने आधा घंटा तक बीएसपी के महाप्रबंधक अतुल नौटियाल व महाप्रबंधक श्री निवास राव ने मांगों पर चर्चा की। प्रतिनिधियों ने मांग की कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशनधारियों को 32 गुना किराया बढ़ाना अनुचित है। रिटायर कर्मी बुढ़ापे में पंद्रह बीस हजार बिल कैसे भुगतान कर पाएंगे। इस तत्काल वापस लिया जाए। संघ के प्रतिनिधियों ने 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मांग की कि 24 रुपए वर्ग फुट किराया वृद्धि आदेश को तत्काल वापस लिया जाए, रिटेंशनधारियों को लायसेंस में परिवर्तित किया जाए और जो नियमित किराया जमा कर रहे हैं, उन्हें परेशान न किया जाए। जवाब में दोनों अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि हम आपकी मांगों को ऊपर तक पहुंचा देंगे।

### मांग पूरी नहीं होने पर डीआईसी बंगले पर देंगे धरना

नगर सेवाएं भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों रिटेंशनधारी तीन घंटे तक नारे बाजी के साथ अपनी परेशानी से अवगत कराते रहे। इस दौरान रिटेंशन संघ व भाजपा नेताओं तथा पूर्व पार्षदों ने संबोधित किया। सुरेशचंद ने कहा कि 32 गुना किराया वृद्धि अनुचित है। इसे सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी अनुचित बताते हुए वापस लेने संबंधी हमारी मांगों का समर्थन किया है। जिन लोगों पूरा जीवन बीएसपी के विकास में जाया किया उन्हें बेघर करना अन्याय है। जिला महिला भाजपा महिला मोर्चा भिलाई की अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने कहा कि हम सेवानिवृत्तों के साथ हैं। भिलाई को बसाने वाले रिटायर बीएसपी कर्मियों को बेघर नहीं होने देंगे। यदि मनमाना आदेश वापस नहीं लिया गया तो महिलाएं व पार्टी चुप नही बैठेगी। भाजपा नेता प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि अपने खून पसीने से बीएसपी को खड़ा करने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों के भिलाई में बसने के सपने को प्रबंधन ने मनमाना किराया बढ़ाकर चकनाचूर कर दिया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि दो पीढ़ी तक बीएसपी में पसीना बहाया लेकिन प्रबंधन आज हमे सड़क पर ला रहा है। निर्णय वापस नही होने पर ईंट से ईंट बजा देंगे। जिला भाजुयमो महामंत्री विशालदीप, कैंप मडलाध्यक्ष रश्मि साव, बूथ अध्यक्ष प्रतिभा चौहान, संगीता चौहान, सीमा तिवारी, योजना डहाके, अमर सोनकर आदि ने रिटेंशन किराया वृद्धि को अमानवीय बताया।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह में स्कूल-कॉलेज में बैनर, पोस्टर से किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सड़क सुरक्षा माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस शहर के सरकारी संस्थानों, स्कूल, कालेजों में बैनर पोस्टर लगाकर ट्रैफिक को लेकर जागरुकता अभियान चला रही है। इस दौरान ट्रैफिक से जुड़े कविताओं, स्लोगनों, संदेशात्मक पोस्टरों के माध्यम से आम नागरिकों को सरल, प्रभावी, रचनात्मक ढंग से जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजन किया जाता है। जिले के विभिन्न शासकीय संस्थानों, बैंक परिसरों, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों पर सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों का बैनक जगह जगह लगाए जा रहे हैं। नागरिकों को ड्रिंक एंड ड्राइव न करने, तेज, लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाने, मालवाहक वाहनों में यात्रा न करने, दोपहिया वाहन चलाते समय पीछे बैठते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से पहने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे और ट्रैफिक नियमों का पालन गंभीरता से करने की हिदायत दी गई है। सड़क सुरक्षा से जुड़ी प्रेरणादायक कविताओं, स्लोगनों, संदेशों को पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित कर नागरिकों में सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगाए जा रहे बैनर, पोस्टर नागरिकों को कारणों से होने वाली हादसों के प्रति सतर्क करने, सुरक्षित, अनुशासित, जिम्मेदारी ट्रैफिक व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे सड़क हादसों में कमी लाई जाएगी।

■ मालवाहक वाहनों में यात्रा न करने, दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट

### सड़क में ट्रैफिक नियम नहीं मानने पर हादसा

सड़क हादसों के विश्लेषण यह पता चला कि हादसों में करीब 78.7 प्रतिशत हादसा चालकों की त्रुटियों के कारण होती हैं। इन त्रुटियों में प्रमुख रूप से शराब अथवा मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग , क्षमता से अधिक सवारी बैठाना, निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाना और थकान की अवस्था में वाहन चलाना प्रमुख है।

## आयुक्त ने वैशाली नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 अंतर्गत पेवर ब्लाक, प्रस्तावित रोड, अटल आवास, सफाई व्यवस्था सहित प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया। उपस्थित अधिकारियों को शहर की साफ-सफाई पर ज्यादा ध्यान देने कहा । निगम आयुक्त द्वारा वैशाली नगर कालेज के सामने गौरव पथ में लगे पेवर ब्लाक का निरीक्षण किया। पेवर ब्लाक पुराने होने के साथ बीच-बीच से निकल गया है, जिसे व्यवस्थित कराने कहा गया है। जवाहर नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन किया गया। नागरिको के आवागमन को ध्यान में रखते हुए कार्य जल्द ही प्रारंभ कराने निर्देशित किये है। न्यू अटल आवास के समीप नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। भवन निगम से बिना बिल्डिंग परमिशन लिए बनाया गया है, संबंधित को नोटिस देने निर्देशित किये है। आयुक्त ने जवाहर नगर अटल आवास कालोनी का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिकों की समस्या सुनी।, नागरिकों द्वारा खेल ग्राउण्ड बनाने मांग किया गया है।कालोनी में पानी, साफ-सफाई का जायजा लिया ।

आयुक्त द्वारा आम्रपाली के पीछे निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के कालोनी में सफाई का जायजा लिया गया। कालोनी के नालियों में नागरिकों द्वारा घरों का कचरा डाल दिया जाता है। नागरिकों को समझाईश दी गई कि नाली में कचरा डालते पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क के डामरीकरण से लोगों को परेशानियों से मिलेगी मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वार्ड-9 में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि सहित निगम के आला अधिकारी मौजूद थे। पार्षद रानू साहू ने बताया कि 16लाख 47 हजार रुपए के सड़क डामकरीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। लोगों द्वारा जर्जर सड़कों के संधारण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सड़क बनने से लोगों को परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। भूमिपूजन के दौरान पार्षद हरिओम तिवारी, रविशंकर कुर्रे, जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सब इंजीनियर बसंत साहू सहित वार्डवासी मौजूद थे।

■ वार्ड 9 में 16 .47 लाख रुपए के विकास कार्य का भूमिपूजन

## भ्रष्टाचार के विरोध में हल्ला बोला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर निगम भिलाई में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं के निराकरण को लेकर मंगलवार को "हल्ला बोल" आंदोलन किया गया। यह आंदोलन हिंदू युवा मंच ने किया। सुपेला चौक से भिलाई नगर निगम कार्यालय तक कार्यकर्ताओं ने एक रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए निगम कार्यालय पहुंचे। आंदोलन को देखते हुए निगम प्रशासन ने गेट के समक्ष तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था करवा ली थी। मंच का आरोप है कि नगर निगम भिलाई में प्लेसमेंट कर्मचारियों को ईएसआई-पीएफ से वंचित रखना, वृक्षारोपण, पेवर ब्लॉक, तालाब सौंदर्यीकरण, शिक्षा कर, ठेका वितरण, अवैध शुल्क वसूली जैसे गंभीर मामलों पर निगम प्रशासन की चुप्पी भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का प्रमाण है। हिन्दू युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने निगम प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

■ विश्व हिंदू मंच के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




### 24 दिन पहले सौंपे ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं

हिन्दू युवा मंच भिलाई महानगर द्वारा नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों को लेकर आयुक्त राजीव कुमार पांडेय को एक ज्ञापन सौंपा गया था। उस दौरान आयुक्त द्वारा शीघ्र जांच एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। किंतु 24 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद किसी भी बिंदु पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे हिन्दू युवा मंच के कार्यकर्ताओं में आंदोलन किया। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप देंगे। इस आंदोलन में हिन्दू युवा मंच भिलाई महानगर के जिला महामंत्री अमित पुरोहित, प्रभारी सुरेन्द्र जैन, महानगर अध्यक्ष कमल रणदीवे, संयोजक अमिताभ वर्मा, महामंत्री विश्वामूर्ति तिवारी, वैशालीनगर अध्यक्ष अजय यादव, रिसाली अध्यक्ष कृष्णा चौहान, सोनू साव, नंदलाल प्रसाद, रुद्र मिश्रा, करण, एस.के. पांडेय, नितेश त्रिपाठी, प्रशांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## मनरेगा को लेकर जगह जगह निकाली जा रही रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मनरेगा बचाओं संग्राम के तहत पंचायत स्तरों पर रैली निकल कर मंगलवार को लोगों को जागरुक किया गया। मनरेगा में हो रहे लापरवाही को लेकर कांग्रेस अभियान चलाकर लोगों के बीच पहुंच रही है। को रैली इस दौरान दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजेंद्र साहू, महापौर निर्मल कोसर, प्रदेश सचिव असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस राम सूर्यवंशी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद थे।

## संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने अधिकारियों की ली संभाग स्तरीय बैठक

# स्कूल-कॉलेज के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने मंगलवार को संभाग स्तरीय बैठक ली। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान एवं विभागीय अधिकारियों से ई-ऑफिस संचालन के संबंध में जानकारी ली।

संभागायुक्त ने उच्च शिक्षा विभाग को प्रदेश में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों में नशा विरोधी कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। साथ ही निबंध, भाषण, पोस्टर, चित्रकला, नाटक एवं क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। संभागायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के भीतर तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है।



स्कूल और कॉलेजों के बाहर ठेलों पर तंबाकू, सिगरेट, गुटखा जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कोटपा एक्ट के तहत सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए संभागायुक्त ने त्रुटिरहित प्रश्नपत्र तैयार करने के निर्देश दिए और प्रश्न निर्माण के दौरान समुचित जांच-पड़ताल पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने अभियान चलाकर अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के आय, जाति, निवास एवं जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाना सुनिश्चित करने कहा।

शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्वच्छता को सुदृढ़ रखने के लिए एनएसएस, एनसीसी एवं स्काउट-गाइड के सहयोग पर जोर दिया। संभागायुक्त ने सभी स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों एवं शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण बढ़ने से आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्यवाही करें। उन्होंने सभी विभागों में आधार बेस्ड अटेंडेंस को प्राथमिकता के साथ लागू करने तथा विभागीय कार्यों को ई-ऑफिस के माध्यम से ही नोटशीट व पत्राचार करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त पदुमलाल यादव, संतोष ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

## सामाजिक व्यक्ति और वरिष्ठजन हुए सम्मानित



सेवानिवृत्त सम्मान के अंतर्गत विनोज मलेवार, कुशांक निखाडे, गोपाल चोपकर एवं विनोद साखरवाडे को सम्मानित किया गया। सम्मेलन के समापन अवसर पर समाज की एकता, पहचान और संगठन को और अधिक मजबूत करने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

**लाइव इवेंट**

## शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया प्रत्येक योगदान महत्वपूर्ण, प्रतिभावान हुए सम्मानित



**दुर्ग।** शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया किसी भी तरह का योगदान, राष्ट्र निर्माण की दिशा में उठाया गया एक कदम है। निजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थान बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और सीमित साधनों के बीच भी निरंतर प्रगति कर रहे हैं। इस पुनीत कार्य में जनभागीदारी की भी अहम भूमिका है। इन सभी की स्तुति होनी चाहिए। यह उद्गार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के शिक्षा का अधिकार प्रभारी विपिन गणवीर ने व्यक्त किये। गणवीर डीपीएस आर्य पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। घनश्याम आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित इस समारोह में शिक्षा का अधिकार प्रभारी राजदीप श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि थे। मातृशक्ति फाउंडेशन की संस्थापक डॉ अलका दास विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थीं। आरंभ में डीपीएस आर्य पब्लिक स्कूल की प्राचार्य आलिया खान ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दयानन्द शिक्षा समिति की वाइस प्रेसीडेंट आभा रानी गुप्ता ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**सिटी इवेंट**

## सहकार भारती ने मनाया स्थापना दिवस, मार्च में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन



**भिलाई।** सहकार भारती भिलाई-दुर्ग द्वारा सहकार भारती का स्थापना दिवस सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 4 में मनाया गया। इस अवसर पर सहकार भारती प्रदेश संगठन महामंत्री कनीराम, डॉ लक्ष्मी कांत द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष प्रदेश सहकार भारती, रोशन ताम्रकार प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की तेल चित्र और संस्थापक स्व लक्ष्मण राव ईनामदार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। सहकार गीत कांति वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्थापना दिवस पर सहकार भारती प्रदेश संगठन महामंत्री कनीराम ने कहा कि पूरे देश में सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाली एक मात्र संगठन सहकार भारती है जो आर्थिक समृद्धि के साथ साथ लोगो के बीच आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करती हैं। कॉपरेटिव, स्व सहायता समूह, मत्स्य प्रकोष्ठ, उपभोक्ता भंडार, बैंक, बुनकर, गृह निर्माण जैसे अनेक प्रकार की सहकारिता को इस क्षेत्र में बढ़ाने के लिए कार्य करना जरूरी है। छत्तीसगढ़ के स्वभाव में ही सहकारिता है। महिलाओं को संगठित करने के उद्देश्य से प्रदेश स्तरीय मार्च महीने में एक प्रभावी और अच्छा सम्मेलन भिलाई में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी, डॉ अग्रांशु द्विवेदी, रोशन ताम्रकार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने भी सहकारिता पर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक मिश्रा ने किया। इस दौरान दिनेश मिश्र, शंकर लाल देवांगन, कांति वर्मा, अग्रांशु द्विवेदी, डॉ अनुज नारद, स्वीटी कौशिक, लक्ष्मी नारायण विश्वा, रमेश शर्मा, प्रताप बनर्जी, अरुण पंडा, गिरधर सोनी पेक्स अध्यक्ष, अभिनव गुप्ता, टी आर कन्नौजी,मनोज ठाकरे , हरीश साहू, परवीन बानो, ज्योति सोनी, गजा नंद बंछोर, बबीता केला, स्मिता दौड़के, चंद्रकिरण मिश्रा, प्रीति मालवीय, अंजलि पांडे, हितेश्वरी साहू, सरोज सिंह, प्रतिभा शर्मा, साबुज देवी,अनुपमा शुक्ला, कंचन देवी, के गणपति, रबिंद्र साहू, नरेश चौरी, दिलीप सिंह, प्रवीण पाण्डे, योगेन्द्र दौड़के, रतन ताम्रकार, ईश्वर लाल देवांगन महेंद्र सिंह प्रतिभा सिंह रजनी राव उपस्थित थे।



## रविंद्र नाथ टैगोर स्वदेश रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित होंगी रजनी



**भिलाई।** स्वदेश संस्थान भारत द्वारा 23 से 27 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय समारोह अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ में लोक गायिका लोक कलाकार, ढोला मारू की निदेशिका और गायिका रजनी रजक 23 जनवरी को रविंद्र नाथ टैगोर स्वदेश रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया जायेगा। इस राष्ट्रीय महोत्सव में पूरे भारत सहित देश-विदेश के विविध कलाकार इस आयोजन में शिरकत करेंगे। रजनी रजक की टीम संस्कृतिक पहल लोक जगार विगत तीन वर्षो से इस अयोध्या कला संस्कृति कुम्भ में हिस्सा लेती आ रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष रजनी रजक को अवार्ड दिया जायेगा। जानकारी देते हुए संस्कृति कर्मी सुरेंद्र मोहन ने बताया कि रजनी रजक छतीसगढ़ की प्रथम महिला है जिसे राष्ट्रपति नारी शक्ति सम्मान से 2019 में सम्मानित किया जा चुका है।

● महाराष्ट्रीयन तेली समाज का सामाजिक सम्मेलन आयोजित, संस्कृति को सहेजने दिया का संदेश

# सास और बहू ने कुर्सी के लिए लगाई दौड़, तिल और गुड़ से बने पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र, मिला सम्मान

**महाराष्ट्रीयन तेली समाज दुर्ग–भिलाई का सामाजिक सम्मेलन सांस्कृतिक परंपराओं और संगठनात्मक एकता के संदेश के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सम्मेलन में सांस्कृतिक और पारिवारिक सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें सास और बहू द्वारा एक साथ कुर्सी दौड़ में भाग लेते हुए सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और पारिवारिक सौहार्द का संदेश दिया। साथा ही तिल- गुड़ से बने पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता में सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।**

**भिलाई।** पारंपरिक महाराष्ट्रीयन वेशभूषा में सजी महिलाओं की उपस्थिति ने सम्मेलन को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। मकर संक्रांति के बाद आयोजित सामाजिक चेतना सम्मेलन में राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, चरोदा और रायपुर से बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिरकत की। राजनांदगांव से मंडल अध्यक्ष राजेश समरीत, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले, युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत, वासुदेव गायधनी, साधना घाटोडे, सारिका समरीत सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए और सामाजिक एकजुटता संदेश दिया। सम्मेलन में मुख्य प्रभारी राजेंद्र डोरले, संजय मरघडे, मोहीत साखरकर, देवेंद्र बारई, मोहीत निखाडे, राजेंद्र भांगे और जीतेश भोंगाडे, महिला मंडल की ओर से निशा मलेवार, हेमा पोहाने और सरीता कामडे ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य ने किया।



### बच्चों को विशेष संस्कार देने पर दिया जोर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि सामाजिक पहचान और एकता के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि जब समाज अपनी पहचान को समझकर संगठित होता है, तभी उसकी बात सुनी जाती है और उसका भविष्य सुरक्षित होता है।उन्होंने समाज के साथ मिलकर सामूहिक रूप से आगे बढ़ने पर बल देते हुए कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब सभी वर्ग एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें। उन्होंने बच्चों को विशेष संस्कार देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि समय रहते नैतिक और सामाजिक संस्कार नहीं दिए गए तो समाज की बेटियां असुरक्षा और पीड़ा का शिकार बनती रहेंगी।मजबूत संस्कार ही सुरक्षित परिवार और सशक्त समाज की नींव होते हैं।

### महिला विंग ने दी समाज को मजबूती

विशिष्ट अतिथि स्मिता दोडके ने महिला समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र डोरले ने कहा कि समाज की एकता और सहभागिता ही इस सम्मेलन की सबसे बड़ी सफलता है और इसी भावना के साथ समाज को आगे बढ़ाया जाएगा। महिला मंडल अध्यक्ष निशा मलेवार ने कहा कि महिला समाज ने सदैव संगठन को मजबूती दी है और आगे भी सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों की रक्षा में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाती रहेंगी।

### सामाजिक पहचान, एकता और संस्कारों से ही सशक्त होगा समाज : विधायक रिकेश सेन



### आयोजित प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता

कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से दीपक धानकुटे, राजकुमार हावगे और महिला वर्ग से रेखा डोरले व शोभा भोंगाडे विजेता रहीं। विशेष रूप से सास और बहू द्वारा एक साथ कुर्सी दौड़ में भाग लेना सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और पारिवारिक सौहार्द का प्रेरक उदाहरण बना, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ सराहा। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में तिल-गुड़ से बने पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वाद, प्रस्तुति और पारंपरिकता के आधार पर व्यंजनों का मूल्यांकन किया गया। हल्दी- कुमकुम और पान का वितरण रेणू गभने, छाया साखरवाडे, सोनाली निखाडे एवं सुहासिनी साकुरे द्वारा किया गया। रंगोली प्रतियोगिता, टाइम हाउजी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सुहासिनी साकुरे, शोभा भोंगाडे, जयश्री हावगे, मिताली सोनटक्के, परी कामडे, आंचल कामडे, आशी द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक प्रतिभाओं, बुजुर्गों एवं नवविवाहित दंपतियों का सम्मान किया गया।



# भगवान भोलेनाथ के विवाह निमंत्रण कार्ड में हल्दी लगाकर घर-घर देने की तैयारी

**भिलाई।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ के विवाह का आमंत्रण कार्ड में हल्दी, अक्षय लगाने का कार्य बोल बम समिति की महिला विंग द्वारा सोमवार को दुर्गा मैदान जोन-2 खुर्सीपार भिलाई में सैकड़ों महिलाओं व भक्त गणों के द्वारा प्रारंभ किया गया। जिसमें 31 हजार कार्ड में देर शाम तक हल्दी अक्षय संपन्न हुआ। इस 18वें वर्ष में भी आज से बाबा की भव्य बारात के आमंत्रण कार्ड का हल्दी अक्षय पूर्ण होने के बाद बुधवार को पहला कार्ड सेक्टर-5 स्थित गणेश मंदिर में दिया जाएगा। उसके पश्चात भिलाई के सभी सेक्टर-1, 2,4,5,6,से लेकर 10 ,11 तक साथ ही साथ खुर्सीपार, पावर हाउस, कोसानाला, मॉडल टाउन,नेहरूनगर, कोहका, कुरूद, कारंजा भिलाई, उमरपोटी, नेवई, पाटन, सेल्यूद, पुरई सभी मंदिरों में आमंत्रण कार्ड समिति की महिलाओं द्वारा वितरण किया जाएगा।



### देश के सभी राज्यों की झाकियां होंगी शामिल



बोलबम समिति भिलाई प्रदेश अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि दुर्ग जिले के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सभी जिले में आमंत्रण भेजा जाता है। इस बार 18वें वर्ष में भी देश के सभी राज्यों की झाकियां सम्मिलित होगी। इस वर्ष इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराएगी। बोल बम समिति की महिला विंग मंजू मिश्रा, सविता सोनी, प्रभा कुशवाहा, पुष्पा राव, सुभद्रा देवी, तेज साहू, लक्ष्मी चौहान, बबली,संगीता तिवारी आदि मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ और गोवा चेम्बर के बीच एमओयू से मिलेंगे व्यापार के नए अवसर



**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ और गोवा के व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और गोवा चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। छत्तीसगढ़ चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी एवं प्रदेश महामंत्री अजय भसीन की उपस्थिति में हुए इस एमओयू से दोनों राज्यों के औद्योगिक एवं व्यापारिक परिदृश्य में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। सतीश थौरानी ने बताया कि इस एमओयू का उद्देश्य व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देना है। एमओयू के तहत दोनों राज्यों के व्यापारियों और उद्यमियों के बीच सीधे संपर्क और सहयोग के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया जाएगा। निवेश के अवसरों, व्यापारिक नीतियों और विधायी परिवर्तनों की जानकारी नियमित रूप से साझा की जाएगी। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र, बिजनेस डेलिगेशन और सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा दोनों राज्यों में आयोजित होने वाले व्यापारिक मेलों और प्रदर्शनियों में एक-दूसरे के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। तकनीकी हस्तांतरण, औद्योगिक सहयोग और संयुक्त उपक्रमों की संभावनाओं को तलाशने के लिए भी दोनों पक्ष मिलकर काम करेंगे।

**इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर दिया जोर**

**कार्नर न्यूज**

# महिलाएं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग कर आर्थिक और सामाजिक रूप से बनें सशक्त, दी जानकारी

**भिलाई।** इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग आईआईआईई भिलाई चेप्टर के तत्वावधान में सियान सदन हाउसिंग बोर्ड भिलाई में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने के लिए इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग की तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने महिला सशक्तिकरण के लिए सतत प्रयास करने के लिए सामूहिक संकल्प लिया। महिलाओं ने संगोष्ठी को बहुत ही उपयोगी और लाभदायक बताया।



### महिलाओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव



इस दौरान वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग केवल उद्योगों तक ही सीमित न होकर सभी वर्गों के, विशेषकर महिलाओं के कल्याण, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लिए एक सशक्त माध्यम सिद्ध हो सकती है। उन्होंने बताया कि एर्गोनॉमिक्स, कार्य सरलीकरण, समय एवं गति अध्ययन, गुणवत्ता नियंत्रण, प्रक्रिया सुधार एवं डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकों के माध्यम से महिलाओं के कार्यस्थलों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और उत्पादक बनाया जा सकता है। इससे न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, बल्कि उनकी आय एवं कार्य-क्षमता में भी वृद्धि होती है। उन्होंने स्व-सहायता समूहों, कुटीर उद्योगों, हस्तशिल्प, सिलाई एवं खाद्य प्रसंस्करण आदि इकाइयों में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक के प्रयोग को विशेष रूप से उपयोगी बताया। साथ ही, महिला-केंद्रित सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डेटा आधारित नीति निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

### इंडस्ट्रियल तकनीक पर महिलाओं ने पूछे प्रश्न, मिला समाधान

डॉ कांति लाल विश्वकर्मा ने कहा कि इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीकें महिलाओं के कार्य-जीवन संतुलन, सार्वजनिक सुरक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। संगोष्ठी के अंत में यह निष्कर्ष निकाला गया कि इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक और मानवीय संवेदनशील दृष्टिकोण के समन्वय से महिला कल्याण को ठोस और स्थायी परिणामों में बदला जा सकता है। हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास ने इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक को उपयोगी एवं लाभदायक बताया। उन्होंने महिलाओं को स्व-सहायता समूह बनाकर आर्थिक स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया। अजय सिंह ने स्व-सहायता समूह गठन करने की प्रक्रिया एवं उसके लाभ बताए। संगोष्ठी में महिलाओं ने इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक, स्व-सहायता समूह गठन की प्रक्रिया आदि से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिसका उचित समाधान परक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में हाउसिंग बोर्ड सियान सदन के अध्यक्ष डॉ. कांति लाल विश्वकर्मा एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। मंदा वासनकर, छाया विश्वकर्मा, ललिता श्रीवास, उमा घोरमोड़ एवं साथियों ने आकर्षक स्वागत गीत तथा दिनेश मिश्रा, मंगलूराम देवांगन, दिनेश गुप्ता ने भजन प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में आईआईआईई भिलाई चेप्टर के वाइस चेयरमैन घनश्याम देवांगन, सीनियर मेंबर डॉ. कांति लाल विश्वकर्मा, दिनेश कुमार गुप्ता, दिनेश प्रसाद मिश्रा, कृष्णराव गुजर, मंगलूराम देवांगन, एम.आर. निराला, छाया विश्वकर्मा, मंदा वासनकर, शैलजा वार्ष्णेय, शोभा गुजर आदि सहित सियान सदन हाउसिंग बोर्ड के सदस्य एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन कांति लाल विश्वकर्मा एवं आभार प्रदर्शन दिनेश प्रसाद मिश्रा ने किया।

## सिटी इवेंट

# भिलाई कर्मचारी यूनियन का स्थापना दिवस, बांटी खिचड़ी




**भिलाई।** भिलाई कर्मचारी यूनियन का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बीएसपी कर्मियों की मुद्दो के निदान के लिए संकल्पबद्धता के साथ विभिन्न कार्यक्रम हुए। बीएसएनएल चौक सेक्टर 1 में खिचड़ी वितरित की गई।

अध्यक्ष राजेश चौहान सहित पदाधिकारियों ने कहा कि भिलाई कर्मचारी यूनियन अपने गठन के बाद लगातार कर्मचारियों तथा संयत्र के हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर संयत्र एवं कर्मचारियों की सुरक्षा संयत्र स्थित क्वार्टर की समस्या, रिटेंशन लाइसेंस, अस्पताल में मरीजों उनके परिजनों को आ रही परेशानियां,39 महीने का एरियर्स कर्मियों की सुविधाओं में कटौती संयंत्र के बाहर व अंदर सड़को की मरम्मत आदि समस्याओं के निदान के लिए संघर्ष करते रहा है।कुछ समस्याओं का निदान भी हुआ है। कार्यक्रम में महामंत्री अशोक माहौर, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद पांडेय, श्रीनिवास मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रवीण मारडीकर, उपाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय, सहित तरूण सेमुअल ओ पी तीतरमारे डीजीएस अनुराग महुलकर एस एस यादव विष्णु साहू रोहित पान्डेय देवेन्द्र कौशिक धर्मेन्द्र धामू व संतोष सिंह व इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, बीएमएस के कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह,एसएम पांडेय, निर्मल मिश्रा इस्पात कर्मचारी सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा, आईपी मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## धर्म लाइव

# मोहल्ला क्रिकेट में वार्ड 19 को हराकर प्रेमनगर की टीम ने जीता खिताब



**भिलाई।** शांतिनगर मैदान में आयोजित स्वर्गीय कृष्णा चौधरी स्मृति रात्रि कालीन मोहल्ला क्रिकेट प्रतियोगिता में वार्ड 28 की टीम ने खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को नकद पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

- शांतिनगर मैदान में आयोजित स्व. कृष्णा चौधरी स्मृति रात्रि कालीन मोहल्ला क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि फाइनल मैच वार्ड 19 रामनगर और वार्ड 28 प्रेमनगर के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर वार्ड 28 प्रेमनगर ने क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उत्तरी वार्ड 19 रामनगर ने अभि के 16, माधव के 36, चिन्ना के 10 रनों की बोलत निर्धारित 10 ओवरों में 85 रनों का स्कोर बनाया। वहीं वार्ड 28 प्रेमनगर की टीम ने राहुल बाला के 18 और गोलू के 22 रनों की बदौलत मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि वैशाली विधायक रिकेश सेन, विशिष्ट अतिथि सर्व समाज के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, पूर्व पार्षद छोटे लाल चौधरी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पार्षद स्मिता दोडके, समाजसेवी गोपी अरोड़ा आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता का पुरस्कार 21000 रुपए पूर्व पार्षद छोटेलाल चौधरी द्वारा अपने भाई कृष्णा चौधरी की स्मृति में दिया गया।

## समाज इवेंट

# महाराणा प्रताप की 429 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन किए अर्पित



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई में क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने महाराणा प्रताप की 430वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने सोमवार को महाराणा प्रताप की 429 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 के सामने स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के लोगों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर श्रीमती माला सिंह ने महाराणा प्रताप पर कविता पेश करते हुए श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह , मंत्री सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दया सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सिंह राठौर, नागेंद्र सिंह, विजय सिंह,मानवेंद्र सिंह ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, प्रताप नारायण सिंह, अशोक कुमार सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, रामनारायण सिंह, अतेंद्र सिंह, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुषमा सिंह, करुणा सिंह, रश्मि सिंह, माला सिंह, पूनम सिंह, सरोज सिंह, श्वेता सिंह, कंचन सिंह, उमेश सिंह, पृथ्वी प्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह, अक्षय सिंह, अंकित सिंह, आदर्श सिंह, सूरज सिंह एवं पोषण सिंह सहित काफी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ राजभर महासभा का सामाजिक सम्मेलन संपन्न

# वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर धर्मेंद्र ने दिखाई अपने बाजुओं की ताकत, नारियल तोड़ता देख अचंभित हुए लोग

भिलाई। छत्तीसगढ़ राजभर महासभा का प्रादेशिक सम्मलेन श्रीराम चौक, सेक्टर-11, जोन-2 खुर्सीपार में आयोजित किया गया। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक आयोजित सम्मलेन में देश भर से आये हजारों की संख्या में राजभर समाज के लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में गिनीज बुक ऑफ़वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बाहुबली धर्मेंद्र राजभर आकर्षण के केंद्र में रहे। उन्होंने अपनी बलिष्ट भुजाओं से मात्र चार मिनट में 401 नारियल नारियल फोड़ने की अद्भुत कला का प्रदर्शन कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। कच्चे नारियल को सेंकेड में छीलकर अतिथियों को पानी पिलाया। सम्मेलन में संगठन की मजबूती, आपसी रिश्तों को बढ़ाने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागृति एवं राजनीतिक चेतना जगाने को लेकर अनेक प्रस्ताव पारित किये गए। इस अवसर पर उपस्थित छग राजभर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने राज्य सरकार से समाज के लिए भूखंड एवं महाराज सुहेलदेव की आदमकद प्रतिमा भिलाई में लगाने का आग्रह किया।



### यूपी सहित अन्य क्षेत्रों से पदाधिकारियों ने की शिरकत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने उपस्थित होकर लोगों का हौसला बढ़ाया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तरप्रदेश बलिया से राज्य सभा के पूर्व सांसद सकलदीप राजभर ने सामाजिक प्रगति के लिए समाज के लोगों को आगे आने का आह्वान किया। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपने संदेश में राजभर समाज के प्रति अपनी शुभकामाएं व्यक्त कीं।



### महाराज सुहेलदेव की आदमकद प्रतिमा भिलाई में लगाने किया आह्वान

छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि राजभर समाज के लोग देश-प्रदेश की तरक्की में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार से समाज के लिए भूखंड एवं महाराज सुहेलदेव की आदमकद प्रतिमा भिलाई में लगाने का आग्रह किया। विशेष आमंत्रित अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल एवं राजभर एक्सप्रेस मुंबई के अखिलेश राजभर का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। समाज के इतिहासकारों ने अपनी लिखित पुस्तकें शिवनाथ शुक्ल को भेंट कीं।

### भोजपुरी लोकगीतों ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिनमें भोजपुरी लोकगीत गायक कमलेश राजभर, मुंबई से आये बिरहा गायक रामपत राजभर ने समां बांधा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजगुरु आचार्य शिव प्रसाद सिंह राजभर, राजभर सेवा संघ मुंबई के अध्यक्ष दयानंद राजभर, पूर्व अध्यक्ष अनिल राजभर, मुंबई गुरुकुल के डॉ संजय राजभर, शिरीष अग्रवाल सिंह, इतिहासकार चंद्रमा राजभर और भूपेश राजभर ने राजभर समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### कलाओं का किया प्रदर्शन

इस अवसर पर सुभाष राजभर, मनोज राजभर, डांसर विशाल राजभर, सिंगर जालंधर राजभर, नारियलमैन सोनू राजभर ने भी अपनी-अपनी कलाओं का प्रदर्शन राजभर समाज की प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश राज और आभार प्रदर्शन सूर्या राज ने किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के कोषाध्यक्ष बीएल राज सम्मेलन, युवा विंग के भानुप्रताप राय, उपाध्यक्ष शिवपूजन प्रसाद राजभर, उपाध्यक्ष सुभाष भारद्वाज, सहसचिव राधेश्याम भारद्वाज, प्रचार मंत्री अनिल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

### वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बाहुबली को देखने उमड़े फैन्स

कार्यक्रम में गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बाहुबली धर्मेंद्र राजभर आकर्षण के केंद्र में रहे। उन्होंने अपनी बलिष्ट भुजाओं से मात्र चार मिनट में 401 नारियल नारियल फोड़ने की अद्भुत कला का प्रदर्शन कर लोगों को मुग्ध कर दिया। हजारों की संख्या में उपस्थित देशों ने उन्हें कंधे पर उठा लिया और मैदान का का चक्कर लगाने लगे। बाहुबली धर्मेंद्र राजभर ने सांसद विजय बघेल के समक्ष कच्चा नारियल अपने हाथों से फोड़कर उसका पानी अतिथियों को पिलाया। इस अद्भुत प्रदर्शन के लिए राजभर महासभा ने धर्मेंद्र का नागरिक अभिनंदन किया।

## हिंदू जनजागृति समिति का आयोजन

# गुरुकुल गढ़ रहा सनातन संस्कृति, युवाओं को दिया गया आत्मरक्षा, राष्ट्र और धर्मरक्षा का प्रशिक्षण



**दुर्ग।** महिलाओं के साथ छेड़खानी, लूटपाट आदि अप्रिय घटनाओं को रोकने उन्हें आत्मरक्षा के लिए तकनीक बताई गई। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण में राष्ट्र और धर्मरक्षा का भी संदेश दिया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह शौर्यशाली बनने युवाओं ने संकल्प लिया। हिंदू जनजागृति समिति एवं वैदिक गुरुकुल वेसफेयर फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से यह शिविर आयोजित किया गया। 1500 से ज्यादा युवाओं ने इसमें भाग लिया। शिविर में राजनांदगांव, रायपुर, खैरागढ़ सहित कई जिलों से युवा शामिल हुए। शिविर में कराटे प्रशिक्षण, लाठी की बारीकियां बताई गई। मुख्य प्रशिक्षक निरंजन चोडणकर ने साथियों के साथ कठिन प्रसंगों मे आत्मरक्षा के आसान उपाय बताए। कार्यक्रम में एसएसपी विनोद अग्रवाल, भारती मारकाम, अशोक पात्रीकर, सुनील घनवट, अधिवक्ता आशीष शर्मा, छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज श्रीमंत राजे मुधोजी भोसले, जशपुर से प्रबल प्रताप जूदेव, शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अलका बागमार सहित अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम में मुधो राजे भोसले ने कहा कि जब-जब हमारी माता-बहनों पर अत्याचार बढ़े। हमारे धर्म पर आक्रमण हुए। हमारे मंदिरों को तोड़ा गया, तब-तब हमारे वीर राष्ट्र पुरुषों ने बड़ी शूरता एवं वीरता से इसका विरोध किया। आज घर-घर में शिवाजी महाराज पैदा होने की आवश्यकता है। वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन एवं हिंदू जनजागृति समिति ने जो शौर्य जागरण का कार्य आरंभ किया है, इसे देखकर मुझे विश्वास है कि शिवाजी महाराज और झांसी की रानी निश्चित तैयार होंगे। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि जिस प्रकार बचपन से ही शिवाजी महाराज को शस्त्र एवं शास्त्र की शिक्षा देकर जिजामाता ने सक्षम बनाया और हिन्दवी स्वराज की नींव रखी। वहीं शौर्य हर एक युवा में है। केवल उसे जागृत करने की आवश्यकता है।

**सनातन की रक्षा के लिए शस्त्र सीखना भी जरूरी :** प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा कि सनातन की रक्षा के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र भी सीखना आवश्यक है। आज सनातन खतरे में है। सनातन को युवाओं की आवश्यकता है। आने वाले कठिन समय के लिए हमें शास्त्र एवं शस्त्र दोनों के साथ तैयार रहना होगा। उसकी रक्षा के लिए युवाशक्ति जागृत हो रही है यह देख आनंद हो रहा है। बाघमार ने कहा कि हम यदि हम सप्ताह में थोड़ा समय भी इस कार्य में नियमित दें। स्वयं स्वरक्षा सीखकर अन्यों को भी इस कार्य मी जोड़ें, तो यह राष्ट्र एवं धर्म रक्षा में हमारा बडा योगदान होगा।

## छात्रों का किया सम्मान

# मां सारदा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



**भिलाई।** मां शारदा पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 का वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। उन्होंने कहा कि समाज के हर बच्चे के लिए सांस्कारिक शिक्षा आवश्यक है ताकि वो सभी उत्कृष्ट नागरिक बन सके। श्री बघेल ने सीमित संसाधनों से स्वामी विवेकानंद के सपनो के समाज के निर्माण के प्रयास की प्रशंसा की गयी। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सांसद ने विद्यालय के प्रशासनिक भवन का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सेफी चेयरमेन व ओए-बीएसपी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, पवन कुमार शर्मा, शोभा शर्मा, विप्लव डे, तुषार सिंह, पूर्व ओए महासचिव परविन्दर सिंह आदि उपस्थित थे।

**सांसद बघेल ने प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण**

## विश्वविद्यालय की पुरुष और महिला दोनों ही टीमों ने विश्वविद्यालय का बढ़ाया मान

# बॉस्केटबॉल महिला टीम ने दूसरे साल भी विजेता का खिताब हासिल कर जीत का लहराया परचम



**कार्नर न्यूज**

भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की बॉस्केटबॉल महिला टीम ने लगातार दूसरी वर्ष विजेता का खिताब हासिल कर जीत का परचम लहराया और प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्कोर का भी रिकार्ड बनाया। दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर उ.प्र. में 15 से 19 जनवरी तक आयोजित ईस्ट जोन बॉस्केटबॉल महिला प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की बॉस्केटबॉल महिला टीम ने लगातार दूसरे वर्ष प्रतियोगिता में विजेता का खिताब जीता। बॉस्केटबॉल महिला टीम के जीत के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव, टीम के खिलाड़ियों, मैनेजर और कोच को बधाई व शुभकामनाएं दी।



### इस तरह मिली जीत

टीम के खिलाड़ियों ने प्रथम क्वालीफाई मैच में काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी को 45-36 से पराजित कर जीत का आगाज किया। टीम ने लीग मैच में युनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता को 73-61 से पराजित किया,जो प्रतियोगिता में सवोच्च स्कोर का रिकार्ड है। जिसमें खिलाड़ी अर्चना ने 25 गोल, हेमा ने 9 गोल तथा कप्तान अंशिका साहु, सुमन, अनिशा ने शानदार प्रदर्शन कर जीत में महत्वपूर्ण योगदान दी। वही दूसरे लीग मैच में पं. रविशंकर शुक्ला विवि, रायपुर को 53-21 से पराजित कर फाइनल राउण्ड में पहुंचे। जिसमें खिलाड़ी अर्चना ने 27 गोल किये, कप्तान अंशिका साहु, सुमन, अनिशा, हिना, हर्षिता ने बहुत ही शानदान प्रदर्शन की। अंतिम व फाइनल मैच संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा के साथ रहा जिसमें 36-26 से पराजित कर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की बॉस्केटबॉल महिला टीम ने विजेता का खिताब जीता।

### मिलेगी प्रोत्साहन राशि

टीम मैनेजर चन्द्रशेखर देवांगन शासकीय महाविद्यालय, पाटन व कोच निशा नेताम पूर्व बॉस्केटबॉल खिलाड़ी के मागदर्शन में टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि इस टीम का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराया गया था। जिसका परिणाम है कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की है तथा पिछले वर्ष में भी बॉस्केटबॉल महिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस सत्र भी टीम के सभी सदस्यों को 10-10 हजार रूपये प्रति सदस्य पुरस्कार राशि प्रदान किया जायेगा।

### 10 से 14 फरवरी तक आल इंडिया प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा

विश्वविद्यालय की बॉस्केटबॉल पुरूष टीम ने इसी सत्र में विजेता का खिताब जीता साथ ही बॉस्केटबॉल महिला टीम ने भी विजेता का खिताब हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। टीम के जीत पर विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल, सहायक कुलसचिव राजेन्द्र चौहान, सहायक कुलसचिव हिमांशु मण्डावी, वित्त अधिकारी ममता अवस्थी एवं सहायक कुलसचिव दिग्विजय ने शुभकामनाए दी। बॉस्केटबॉल महिला टीम जैन विश्वविद्यालय में 10 से 14 फरवरी को आयोजित आल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेगो। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के खिलाड़ियों द्वारा लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन से विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

हेल्थ टिप्स

## जिला टेबल टेनिस में रविराज, समाया और कवीश बने विजेता



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ की ओर से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में स्व. ज्ञान चंद लुनिया स्मृति- चतुर्थ जिला त्रैमासिक लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 17 और 18 जनवरी को आयोजित की गई। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 की अंतिम त्रैमासिक लीग प्रतियोगिता भी यहां सम्पन्न हुई। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि संघ के उपाध्यक्ष राजेश लुनिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष गिरिराज बागड़ी ने की। मंच पर संघ के पदाधिकारी अजीत बेनर्जी, विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक प्रणय नंद मजुमदार उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के अंतिम परिणाम में सीनियर पुरुष वर्ग विजेता एम. रविराज, उपविजेता- राजीव साहू 2-0 तृतीय विशाल डेकाटे और उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त अर्जुन मल्होत्रा, ऋषभ नागवानी, कल्पेश जादवानी, यशवंत डेकाटे, आर्यन सिंह ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। सीनियर महिला वर्ग विजेता समाया पांडे, उपविजेता लावण्या पांडे 2-1 तृतीय आरना खोटेले और उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त उपासी धनगड़ ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर (अंडर -15) बालक वर्ग विजेता कवीश काला, उपविजेता आर्यन सिंह, तृतीय श्रेष्ठ मिश्रा और उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त तेजस जादवानी, अभिनव पीटर, आरुष नत्थानी, अद्विक सिंह सेंगर, नीरव तिवारी ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर (अंडर -15) बालिका वर्ग विजेता समाया पांडे, उपविजेता लावण्या पाण्डे 2-1 और तृतीय काव्या बागड़ी रहे। मुख्य निर्णायक प्रणय नंद मजुमदार थे। विगत दिनों वडोदरा में आयोजित वर्ल्ड टेबल टेनिस फीडर में राजीव साहू तथा वर्ल्ड टेबल टेनिस यूथ कंटेंडर में समाया पांडे को पहली बार छत्तीसगढ़ से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एस.ए. अली, मो शफाक, परिवेश मिश्रा, प्रियंक पांडे, श्रीमती शीतल काला, श्रीमती बागड़ी, हेमराज डेकाटे, इंसी पांडे, लाभांशु यदु, पुलकित यदु, यशस्वी धनकर और धनंजय सहित अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवीण निरापुरे ने दी।

## छत्तीसगढ़ टीम नेशनल रग्बी के लिए भुवनेश्वर पहुंची



**रायपुर।** रग्बी सेवेन्स चैम्पियनशिप 20 से 21 जनवरी तक कलिंगा स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स, भुवनेश्वर (ओडिशा) में जारी है। यह चैम्पियनशिप खेल एवं युवा सेवा विभाग, ओडिशा शासन के तत्वाधान में ओडिशा रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ रग्बी फुटाबॉल एसोसिएशन से सब-जूनियर (अंडर-15) बालक की टीम हिस्सा ले रही है। टीम के चयनित प्रतिभागी बालक खिलाड़ियों में राकेश कुमार, पवन कुमार, गोपाल धुरंधर, लीलेश कुमार, भूपेन्द्र साहू, यश गुप्ता, झलक राम ध्रुव, विक्रम यादव, हर्ष फेकर, अनुराग मरावी, चौतन्य मरकाम, तुषार जांगड़े, योगेश पटेल, कोच ओमप्रकाश यादव तथा मैनेजर योगेश पटेल हैं। टीम को एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## अंडर -13 क्रिकेट 23 से




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई की ओर से 23 जनवरी से 30 जनवरी तक अंडर -13 एक दिवसीय (40-40) ओवरों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें भाग ले रही है। इन टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर, यंग स्टार क्रिकेट अकादमी अहिवारा, क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी भिलाई और पूल बी में स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी भिलाई, गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी भिलाई, एवं जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर है। यह जानकारी क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के कोच शांतनु घोष ने दी है।

## वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस में जारी है शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** अस्मिता लीग वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता वीआईपी क्लब में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर महिला वर्ग का आयोजन छत्तीसगढ़ अमेचर सॉफ्ट टेनिस संघ द्वारा किया जा रहा है। 21 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, गोवा सहित तेलंगाना से कुल 195 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### बदलती जीवन शैली का सीधा असर हो रहा हमारे हाजमे पर

# आम होती जा रही अपच या बदहजमी की समस्या खानपान में सुधार कर बच सकते हैं तकलीफ से

पेट में समस्या होना एक बेहद आम बात है, जिससे लगभग सभी लोग कभी न कभी जरूर दो-चार होते हैं। मगर ध्यान देने वाली बात यह है अगर इसे हर बार नजरअंदाज कर रहे हैं तो ये गंभीर हो सकता है। इसलिए आइए इस लेख में इससे बचाव के कुछ उपाय जानते हैं।

आज की आधुनिक जीवनशैली में अनियमित खान-पान और तनावपूर्ण दिनचर्या ने 'अपच' या 'बदहजमी' को एक आम घरेलू समस्या बना दिया है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'डिस्पेप्सिया' कहा जाता है, जो कोई बीमारी नहीं बल्कि पाचन तंत्र में गड़बड़ी का एक लक्षण है। अक्सर हम स्वाद के चक्कर में जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं या फिर बहुत जल्दी-जल्दी भोजन निगलते हैं, जिससे हमारे पेट को भोजन पचाने के लिए आवश्यक एसिड और एंजाइम्स बनाने में कठिनाई होती है।



इसी वजह से सीने में जलन, पेट फूलना, खट्टी डकारें आना और पेट के ऊपरी हिस्से में भारीपन महसूस होने लगता है। अगर इस समस्या को लंबे समय तक नजरअंदाज किया जाए, तो यह गैस्ट्रिटिस या पेप्टिक अल्सर जैसी गंभीर स्थितियों का रूप ले सकती है। अपच केवल शारीरिक कष्ट नहीं देती, बल्कि यह आपकी कार्यक्षमता और मानसिक शांति को भी प्रभावित करती है। इसलिए आइए इस लेख में इससे बचाव के कुछ उपाय के बारे में जानते हैं।



### खाने के तरीके और समय में बदलाव

अपच से बचने का सबसे अच्छा और सरल तरीका है 'अच्छी तरह चबाकर खाना'। जब हम भोजन को मुंह में ही तरल बना देते हैं, तो लार में मौजूद एंजाइम्स पाचन प्रक्रिया को आधा वहीं पूरा कर देते हैं। इसके अलावा, रात का खाना सोने से कम से कम 3 घंटे पहले खाएं। देर रात भारी भोजन करने से लेटने पर पेट का एसिड फूड पाइप में वापस आ सकता है, जिससे 'हार्टबर्न' की समस्या बढ़ जाती है।

### इन खाद्य पदार्थों से बनाएं उचित दूरी

मसालेदार भोजन, अत्यधिक तला-भुना खाना और कैफीन युक्त पेय पदार्थ अपच के सबसे बड़े ट्रिगर माने जाते हैं। ये चीजें पेट की परत में जलन पैदा करती हैं और एसिड के उत्पादन को अनियंत्रित कर देती हैं। कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या कोल्ड ड्रिंक्स पेट में गैस के बुलबुले पैदा करते हैं, जिससे पेट फूलने लगता है। इनकी जगह छाछ, नारियल पानी या अदरक वाली चाय का सेवन करना पाचन के लिए कहीं अधिक फायदेमंद होता है।

### सक्रिय जीवनशैली बहुत जरूरी

पाचन का सीधा संबंध हमारे नर्वस सिस्टम से होता है। अत्यधिक तनाव लेने से शरीर की 'फाइट या फ्लाइट' प्रतिक्रिया सक्रिय हो जाती है, जो पाचन क्रिया को धीमा कर देती है। रोजाना 20-30 मिनट की पैदल सैर या वज्रासन जैसे योगासन भोजन के बाद करने से आंतों की गतिशीलता बढ़ती है। सक्रिय रहने से शरीर में खून संचार बेहतर होता है, जिससे पाचक अंगों को अपना काम करने में आसानी होती है।

### कब लें डॉक्टर की सलाह?

अपच की समस्या होने पर तुरंत दवाओं के बजाय घरेलू उपचार जैसे अजवाइन का पानी, काला नमक या हींग का सेवन करें। ये चीजें प्राकृतिक रूप से गैस और भारीपन को कम करती हैं। हालांकि अगर आपको मल में खून आए, वजन अचानक कम होने लगे या निगलने में कठिनाई हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। ध्यान रखें अगर आपकी परेशानी लंबे समय तक बना रहे या घरेलू उपायों के बाद भी नहीं आराम हो तो डॉक्टर से परामर्श लें। संतुलित खान-पान ही आपकी सबसे बड़ी औषधि है।





## एक्सरसाइज से जुड़े कई मिथक हैं प्रचलित, सबकी राय अलग-अलग

अगर आप उनमें से हैं जो बहुत ही सीरियस होकर ट्रेनिंग लेते हैं या फिर आप एक्सरसाइज शुरू करने की योजना बना रहे हैं, तो आपने उससे जुड़ी कई बातें सुनी होंगी। आपने कुछ अच्छे मिथक (जो वास्तव में सत्य हैं) और बुरे मिथक (जो बहुत समस्याग्रस्त हो सकते हैं) के बारे में सुना होगा।

हार्वर्ड में ह्यूमन इवोल्यूशनरी बायोलॉजी के प्रोफेसर डैनियल लिबरमैन ने इन मिथकों के बारे में बताया है, ताकि आप जान सकें कि अपने डेली रूटीन में आप कुछ गलत तो नहीं कर रहे। वैसे आपको जानकर हैरानी होगी कि बॉलीवुड सुपरस्टार जॉन अब्राहम भी अक्सर एक्सरसाइज से जुड़े इन मिथ्स के बारे में बात करते रहते हैं।

### दौड़ना आपके घुटनों के लिए बुरा है



ये एक ऐसी आम धारणा है, जो बहुत गलत है। ज्यादातर लोगों को रनिंग के बारे में यही धारणा होती है और वो उसे सच मानते हैं। सभी को लगता है कि रनिंग करने से समय के साथ आपके घुटनों पर बुरा असर पड़ेगा। लेकिन होता वास्तव में इसके बिल्कुल विपरीत है। दौड़ने से वास्तव में आपके ज्वाइंट्स को समय के साथ खुद को ठीक करने की आदत हो जाती है। अगर आप रोइंग या स्विमिंग भी करते हैं, तो हमें बस ये ध्यान रखने की आवश्यकता है कि हमें इसके फायदे उठाने के लिए इसे ठीक से करना सीखना चाहिए।

दौड़ने से घुटने के जोड़ों में सूजन कम होती है और यह ऑस्टियोअर्थराइटिस की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। एक शोध में भी यह बात सामने आई है। अमेरिका के यूटा में ब्रिघम यंग विश्वविद्यालय में व्यायाम विज्ञान के सहायक प्रोफेसर और शोध के सहलेखक मैट सीली ने कहा, ₹यह विचार की लंबी दूरी की दौड़ आपके घुटनों के लिए बुरा है, एक मिथक हो सकता है।

### एक्सरसाइज की कोई सही मात्रा नहीं है

जब तक आप ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जिसे डेली वर्कआउट (या सप्ताह में लगभग 4-5 बार) करने की आदत है, तो हो सकता है कि अपनी वीकली वर्कआउट की मात्रा पूरी नहीं कर रहे हों, जो प्रति सप्ताह 150 मिनट है। लिबरमैन के अनुसार, आपको स्वस्थ रहने के लिए हर दिन बहुत ज्यादा एक्सरसाइज की आवश्यकता नहीं है। आप न्यूनतम एक्टिविटी के साथ भी फिट रह सकते हैं।

### एक्सरसाइज का एक परफेक्ट फॉर्म है

एक्सरसाइज का मामला बहुत ही पर्सनल है और एक्सरसाइज की एक तय मात्रा सभी के लिए एकसमान रूप से कार्य नहीं करती है। इसी तरह एक एक्सरसाइज भी सभी के लिए उपयुक्त नहीं है और इसीलिए आपको एक्सरसाइज के प्रकारों के बारे में सावधान रहना चाहिए, और साथ ही एक्सरसाइज की ड्यूरेशन के बारे में भी, जिसे आप अपने लिए चुनते हैं। एक हफ्ते में एक निश्चित मात्रा में एक्सरसाइज अच्छी है (जैसा कि दूसरे पांइट में बताया गया है), पर इसकी इंटेंसिटी और फ्रीक्वेंसी प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से अलग अलग हो सकती है। किसी और के लिए जो एक्सरसाइज जबरदस्त काम कर रही है, वह जरूरी नहीं कि आपके लिए भी वैसे ही काम करे। बस आपको एक्टिव रहने का एक तरीका खोजना सुनिश्चित करना चाहिए।



# एनपीएल में सरकारी कर्मियों ने जड़े चौके-छक्के

**रायपुर।** नवा रायपुर में आयोजित नवा रायपुर प्रीमियम लीग (एनपीएल) के दूसरे दिन शानदार चार मैचों की श्रृंखला संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा एवं गुरु खुशवंत साहब के कर-कमलों हुआ। उद्घाटन अवसर पर मंत्री वर्मा ने अपने शासकीय सेवा काल को स्मरण करते हुए मानव जीवन में खेलों के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। वहीं मंत्री गुरु खुशवंत साहब ने शासकीय सेवकों के जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित किया।

- केबिनेट मंत्रीद्वय टंकराम वर्मा और गुरु खुशवंत की मौजूदगी में हुए शानदार मुकाबले






प्रथम मैच में खेल एवं युवा कल्याण विभाग बनाम संचनालय चिकित्सा शिक्षा खेल विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाए और चिकित्सा शिक्षा विभाग को 76 रनों का लक्ष्य दिया। योगराज (29 रन) एवं गिरीश शुक्ला (18 रन) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में चिकित्सा शिक्षा विभाग 5 विकेट खोकर मात्र 68 रन ही बना सका।मैन ऑफ द मैच योगराज रहे।

दूसरे मैच में आबकारी विभाग बनाम स्वास्थ्य विभाग आबकारी विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने 3 विकेट खोकर निर्धारित 8 ओवरों में 57 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच वेद प्रकाश (स्वास्थ्य विभाग) ने 33 रन बनाए। तीसरे मैच में वन विभाग बनाम नवा रायपुर विकास प्राधिकरण में वन विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एनआरडीए को 92 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनआरडीए की टीम 9 विकेट खोकर मात्र 33 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच विकास ने 33 रन बनाए। चौथे मैच में उच्च शिक्षा विभाग बनाम क्रेडा उच्च शिक्षा विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 37 रन बनाए। जवाब में क्रेडा ने 7 विकेट खोकर 39 रन बनाते हुए मैच अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच फ़रेहा (क्रेडा) ने 10 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए। आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आयोजन समिति की ओर से संयोजक कमल वर्मा, सह संयोजक जय कुमार साहू एवं संतोष कुमार वर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती जगदीप बजाज, महासचिव संचित शर्मा, लोकेश वर्मा, महेंद्र साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंपायर के रूप में देवाशीष दास, अमित शर्मा एवं दामोदर, स्कोरर के रूप में रमन, तथा कॉमेंटेटर के रूप में सुनील उपाध्याय एवं राघव ने अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया। नवा रायपुर प्रीमियम लीग का यह आयोजन शासकीय सेवकों में खेल भावना, टीमवर्क एवं कार्यक्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हो रहा है।



## नेशनल पैरा कबड्डी में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पैरा कबड्डी टीम दो दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन उपरांत ए.एम.टी.जे कैंपस विशाखापत्तनम आंध्रप्रदेश के लिए मंगलवार को दुर्ग विशाखापत्तनम एक्सप्रेस से रवाना हुई। जहां 22 राज्यों की टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। प्रतियोगिता 27 जनवरी तक चलेगी। छत्तीसगढ़ पैरा कबड्डी टीम जन सामर्थ्य कल्याण समिति छत्तीसगढ़ के सहयोग से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रही है। जहां टीम के उत्साहवर्धन के लिए संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग रायपुर अरविंद गेडाम, समाज सेवी देवेंद्र सिंह बल, राज्य योजना आयोग के विधिक सलाहकार एडवोकेट सौरभ चौधरी व ने पुष्प गुच्छ व देवेंद्र सिंह बल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि देकर टीम को बिदाई दी । पूरे छत्तीसगढ़ से 14 खिलाड़ी और 3 ऑफिशियल कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे है।

कार्नर न्यूज

### अच्छी नींद लेना चाहते हैं तो जरूर अपनाएं ऐसे उपाय

# सुकून की नींद पाने के लिए जरूरी है 'मेलाटोनिन' इन आसान उपायों से बढ़ा सकते हैं इसका स्तर

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार और नियमित व्यायाम की ही तरह रोजाना रात में अच्छी नींद लेना भी जरूरी माना जाता है। अध्ययनों में पाया गया है कि रात में 6-8 घंटे की निर्बाध नींद प्राप्त करना सभी लोगों के लिए जरूरी है। इससे न सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है साथ ही ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट भी कंट्रोल में रहता है। पर क्या आप जानते हैं कि अच्छी नींद कैसे पाई जा सकती है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अच्छी और आरामदायक नींद के लिए मेलाटोनिन आवश्यक है, ये नींद प्राप्त करने में सहायक हार्मोन है। हमारा शरीर प्राकृतिक रूप से इस हार्मोन का उत्पादन करता है। जब बाहर अंधेरा होने लगता है, तो शरीर में मेलाटोनिन का उत्पादन होता है। रात को अच्छी नींद पाने के साथ, मेलाटोनिन हमारे लिए जल्दी सो जाना और रात में निर्बाध नींद लेना भी आसान बनाता है।



### नींद की कमी से होने वाली दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एक रात भी ठीक से नींद पूरी न होने की स्थिति में आप अगले दिन थकान, गुस्सा, चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। कुछ हफ्तों तक लगातार बनी रहने वाली नींद की समस्या संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए जरूरी है कि आप अच्छी नींद प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। कुछ उपायों को ध्यान में रखकर आप प्राकृतिक तौर पर शरीर में मेलाटोनिन के स्तर को ठीक रख सकते हैं।

### धूप शरीर के लिए बहुत जरूरी

धूप में रोजाना कुछ समय बिताना न सिर्फ विटामिन-डी के उत्पादन को बढ़ावा देने में सहायता करता है साथ ही ये मेलाटोनिन को बढ़ावा देने में भी आपके लिए मददगार है। सुबह कम से कम 15 मिनट धूप में जरूर रहें। यह मेलाटोनिन के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे आपको दिन में नहीं सोते हैं और रात में बेहतर नींद आती है। धूप का संपर्क उन पोषक तत्वों का स्तर भी बढ़ाता है जो अच्छी नींद लेने में मददगार हैं।

### सोते समय कमरे में रखें अंधेरा

अच्छी नींद प्राप्त करने और मेलाटोनिन के स्तर को सुधारने के लिए सोते समय कमरे का माहौल ठीक रखना भी जरूरी है। कमरे को अंधेरा और शांत रखने से मेलाटोनिन के उत्पादन में सुधार होता है साथ ही नींद की गुणवत्ता भी अच्छी रहती है। कमरे में अंधेरा रखने से रात में बार-बार नींद के बाधित होने का भी खतरा भी कम रहता है।

### स्क्रीन टाइम को कम करना जरूरी

स्क्रीन टाइम यानी मोबाइल-कंप्यूटर पर बीतने वाले समय को कम करके भी आप नींद की गुणवत्ता को सुधार सकते हैं। सोने से कम से कम एक घंटा पहले अपने कंप्यूटर और डिजिटल उपकरणों को दूर रख दें। इन उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। स्क्रीन टाइम न सिर्फ नींद की समस्या बढ़ाती है साथ ही इससे शरीर में और भी कई दिक्कतों का जोखिम हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पैरामाउंट घोषित करेगा अपने डायरेक्टर्स, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी पर ठोका मुकदमा



पैरामाउंट स्काईडांस और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के बीच का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। अब पैरामाउंट स्काईडांस ने इस डील के बीच अपने निर्देशकों की सूची जारी करने की बात कही है। पैरामाउंट स्काईडांस ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के जबरन टेकओवर के प्रयास में एक और कदम आगे बढ़ाया है। पैरामाउंट स्काईडांस की ओर से कहा गया कि वह हॉलीवुड स्टूडियो की अगली शेयर होल्डर्स की बैठक से पहले अपने डायरेक्टर्स की लिस्ट घोषित करेगा। यही नहीं पैरामाउंट ने डेलावेयर चांसरी कोर्ट में एक मुकदमा भी दायर किया है, जिसमें वार्नर ब्रदर्स को शेयर होल्डर्स के सामने यह खुलासा करने के लिए बाध्य करने की मांग की गई है कि वह अपने प्रस्ताव और नेटफ्लिक्स के प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव का मूल्यांकन कैसे करता है।

वार्नर ब्रदर्स, पैरामाउंट और नेटफ्लिक्स के बीच बोली द्वंद में फंसी हुई है। वार्नर के नेतृत्व ने स्काईडांस के स्वामित्व वाली पैरामाउंट के प्रस्तावों को बार-बार ठुकरा दिया है। साथ ही शेयर होल्डर्स से अपील की है कि वे अपने स्ट्रीमिंग और स्टूडियो कारोबार को नेटफ्लिक्स को 72 अरब अमेरिकी डॉलर में बेचने का समर्थन करें।

इस बीच, पैरामाउंट ने पूरी कंपनी के लिए अपने 77.9 अरब अमेरिकी डॉलर के प्रस्ताव को आकर्षक बनाने के प्रयास किए हैं। पिछले हफ्ते वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने कहा कि उसके बोर्ड ने यह निर्धारित किया है कि पैरामाउंट का प्रस्ताव कंपनी या उसके शेयर होल्डर्स के हित में नहीं है। उसने एक बार फिर शेयर होल्डर्स को नेटफ्लिक्स सौदे का समर्थन करने की सिफारिश की।

### टॉलीवुड

## सिंगर से एक्टर बने प्रसाद, इस पैन इंडिया फिल्म से करेंगे डेब्यू



दक्षिण भारतीय फिल्मों में देवी श्री प्रसाद एक जाने-माने सिंगर, कंपोजर हैं। अब वह एक्टिंग की फील्ड में भी कदम रख चुके हैं। जल्द ही उनकी पैन इंडिया फिल्म रिलीज होगी। जानिए, क्या है फिल्म का नाम? और इसमें वह किस तरह का किरदार निभा रहे हैं। सिंगर, कंपोजर देवी श्री प्रसाद की बतौर एक्टर डेब्यू फिल्म 'येल्लम्मा' का एक टीजर रिलीज हुआ। इसमें देवी श्री प्रसाद के डेब्यू की जानकारी साझा की गई।

फिल्म 'येल्लम्मा' का पहला टीजर मेकर्स ने शेयर किया है, इसमें सिंगर और कंपोजर देवी श्री प्रसाद के डेब्यू की जानकारी साझा की गई है। वह फिल्म में प्राशी नाम का किरदार निभाएंगे। टीजर में देवी श्री प्रसाद की एंट्री भी दमदार है। पहले वह घंघुरू पहने नजर आते हैं, उनके किरदार के पैरों से खून निकल रहा होता है। आगे सीन में उनके पैरों में जूते नजर आते हैं। बाद में उनका किरदार बारिश में भीगता दिखता है। इसी के साथ उनका इंट्रो दिया जाता है।

फिल्म 'येल्लम्मा' को दिल राजू पेश कर रहे हैं। इसके डायरेक्टर वेणु येलडंडी हैं। फिल्म को शिरीष प्रोड्यूस कर रहे हैं। मेकर्स ने सिंगर से एक्टर बने देवी श्री प्रसाद के लिखा, 'रॉकस्टार DSP पैन इंडियन फिल्म 'येल्लम्मा' से लीड एक्टर के तौर पर एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। अनगिनत चार्टबस्टर गाने देने वाला यह रॉकस्टार अब कैमरे के सामने आने के लिए पूरी तरह तैयार है।'

फिल्म 'येल्लम्मा' में लीड रोल निभाने के अलावा देवी श्री प्रसाद ने इसका म्यूजिक भी कंपोज करेंगे। टीजर में भी उनका कमाल का म्यूजिक फैंस का दिल जीत रहा है। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में पैन इंडिया रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज डेट अभी मेकर्स ने शेयर नहीं की है।

### भोजपुरी

## यश की 100वीं फिल्म 'विधवा बनी सुहागन' का दमदार ट्रेलर रिलीज, सपना संग बनी जोड़ी



भोजपुरी फिल्म यश कुमार की नई और 100वीं फिल्म 'विधवा बनी दुल्हन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म जल्द ही थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म की कहानी एक विधवा लड़की की है, जिसमें समाज की रूढ़ियों और महिला के दर्द को दिखाया गया है।

भोजपुरी फिल्म एक्टर यश कुमार ने अपने फिल्मी करियर में एक माइलस्टोन हासिल कर लिया है। उन्होंने 100 फिल्मों का आंकड़ा पार कर लिया है। उनकी 100वीं फिल्म 'विधवा बनी सुहागन' का धमाकेदार ट्रेलर आज रिलीज कर दिया गया है, जो काफी पसंद किया जा रहा है। यश कुमार के फैंस खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। यह फिल्म यश कुमार के लंबे, संघर्षपूर्ण और सफल करियर की उपलब्धियों का प्रतीक मानी जा रही है।

'विधवा बनी सुहागन' का ट्रेलर बेहद प्रभावशाली है, जिसमें इमोशन, एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन संतुलन देखने को मिलता है। फिल्म एक ऐसी कहानी को सामने लाती है, जो समाज की रूढ़ियों, दर्द और महिला संघर्ष को मजबूती से दर्शाती है। ट्रेलर से साफ झलकता है कि फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को झकझोरने वाला सशक्त संदेश भी देने वाली है।

'विधवा बनी सुहागन' में यश कुमार के साथ एक्ट्रेस सपना चौहान हैं। दोनों की जोड़ी पहली बार एक अलग ही अंदाज में नजर आ रही है। ट्रेलर में दोनों की केमिस्ट्री, एक्टिंग की गहराई और इमोशनल सीन्स ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।

### पेस्टल शेड्स का जादू



लाइफ स्टाइल

गर्मी के सीजन में पेस्टल शेड्स की अपनी जगह हैं, लेकिन ठंड के इस सीज़न में डिज़ाइनर्स ने बोल्ड कदम उठाया है। टोरी बर्च ने मॉडल्स को ब्राइट नीले मैकिंटोश में कैटवॉक पर उतारा, जबकि क्रिश्चियन डायर और बरबेरी ने शानदार एमराल्ड शेड्स को बढ़ावा दिया। सनशाइन येलो, फायर-इंजन रेड और कॉन्फिडेंट चार्टरेस टोन ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, जो मूड को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए रंगों की ओर एक बदलाव का संकेत देता है।

## बालों को जल्दी सफेद होने से रोकेंगे ये जरूरी टिप्स



बाल जल्दी सफेद भी होने लगते हैं, तो हम हेयर डाई से उसे रंग कर दोबारा काला कर लेते हैं। लेकिन छोटे से घरेलू नुस्खे को अपनाकर भी आप अपने बालों को पहले ही सफेद होने से रोक सकती हैं। आंवले के पाउडर को पानी में घोल कर लोहे की कड़ाही में रात भर के लिए रख लें। सुबह इस पानी को छानकर बालों में लगाएं और 30 मिनट बाद बालों को वॉश कर लें।

इससे आपके बालों का सफेद होना कुछ हद तक कम हो जाएगा। मेथी पाउडर के इस्तेमाल से भी आप बालों का सफेद होना रोक सकती हैं। मेथी में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को न केवल खूबसूरत बनाते हैं बल्कि वक्त से पहले बालों को सफेद भी नहीं होने देते हैं। हिना का इस्तेमाल बालों में सदियों से होता आ रहा है। इसका रंग भी बालों पर चढ़ जाता है। आप इसमें आंवला, रीठा और शिकाकाई का पाउडर मिलाकर कॉफी के पानी से इसे घोल लें और फिर आप इसे बालों में लगाकर 30 मिनट बाद बालों को वॉश कर लें।

इससे आपके सफेद बालों पर मेहंदी का रंग चढ़ जाएगा और बालों का सफेद होना भी कम हो जाएगा। करी पत्तों का हेयर मास्क भी आप बालों में लगा सकती हैं। यह भी आपके बालों के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है। आप करी पत्ते के पानी में उबालकर यदि हफ्ते में 2 दिन इस पानी को बालों में लगाएंगी तो भी आपको बहुत फायदा मिलेगा।

बालों में नारियल के तेल में आपको थोड़ा सा सरसों का तेल मिक्स करके लगाना चाहिए। इससे स्कैल्प में मेलेनिन प्रोडक्शन बढ़ता है, जो बालों को सफेद होने से रोकता है। बालों में दूध के साथ अदरक का रस मिक्स करे लगाएं। यह भी आपको बालों को पोषण पहुंचाएगा और बालों को जल्दी सफेद नहीं होने देगा।

## नई बहू के पैरों में खूब जचेंगे बिछिया के खास डिजाइंस



दुल्हन के श्रृंगार में सिर से लेकर पांव तक ढेरों गहने लग जाते हैं। अधिकांश लोगों का ध्यान केवल उन गहनों पर जाता है जो आसानी दिख जाते हैं, मगर पैरों में पहने जाने वाली बिछिया का भी बहुत महत्व है। महत्व के साथ-साथ अब यह फैशन का भी हिस्सा बन चुकी है। इसलिए बाजार में आपको एक से बढ़कर एक बिछिया की डिजाइंस नजर जा जाएंगी।

### मल्टी कलर स्टोन बिछिया डिजाइन



आजकल बाजार में जंक ज्वेलरी की ढेरों डिजाइंस और पैटर्न दिख जाएंगे, प्योर सिल्वर में भी आपको जंक स्टाइल ज्वेलरी देखने को मिल जाएगी। जंक ज्वेलरी में आपको टो रिंग भी मिल जाएगी। इस तरह की टो रिग में आपको मल्टी कलर स्टोन वर्क मिल जाएगा, जो दिखने में बहुत ही खूबसूरत लगता है। बेस्ट बात तो यह है कि आप इस तरह की बिछिया को किसी भी वेस्टर्न स्टाइल के आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। आपको इसमें हैवी और लाइट दोनों ही वेट की बिछिया डिजाइंस देखने को मिलेंगी। आपको इसमें पायल के साथ अटैच्ड बिछिया भी मिल जाएंगी और चारों उंगलियों और अंगूठे के लिए स्टाइलिश बिछिया सेट मिल जाएंगे। इस तरह के सेट में आपको चेन स्टाइल में भी बिछिया सेट मिल जाएंगे।

### वेस्टर्न स्टाइल टो-रिंग डिजाइन

आपको सुनकर शायद अजीब लग रहा होगा मगर अब वेस्टर्न लुक एंड फील वाली टो-रिंग भी बाजार में आ रही हैं। इसमें आपको इंग्लिश डिजाइंस देखने को मिलेंगी। यह ट्रेडिशनल बिछिया से बहुत ही अलग नजर आती हैं और बहुत ज्यादा लाइट वेट होती हैं। बहुत सारी महिलाओं को बिछिया पहनने में हिचकिचाहट होती है क्योंकि जूते के अंदर जब वह बिछिया पहनती हैं, तो वह उन्हें चुभती हैं और असहज महसूस कराती हैं। मगर वेस्टर्न स्टाइल वाली ये बिछिया डिजाइंस आपको बहुत ही ज्यादा कंफर्टेबल नजर आएंगी। आपको बाजार में इस तरह की बिछिया डिजाइंस में एक नहीं बल्कि ढेरों पैटर्न और स्टाइल देखने को मिल जाएंगी। आपको यह सिल्वर में भी मिल जाएगी।

## साड़ी के साथ स्वेटर को मिक्स मैच करके स्टाइल करें ब्लाउज



साड़ी स्टाइल करना हर लड़की पसंद करती है। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन की साड़ियां खरीदती हैं ताकि वो सबसे अलग और खूबसूरत लगे। लेकिन सर्दियों में ऐसा नहीं होता है क्योंकि उसमें इसे स्टाइल करना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि समझ नहीं आता है कि साड़ी के साथ ब्लाउज को कैसे वियर करें ताकि सर्दी न लगे। इसके लिए जरूरी है कि आप यहां बताए गए हैक्स को ट्राई करें।

### ब्लाउज के कलर से मैच करें

अगर आपको साड़ी में स्टाइलिश लगना है तो इसके लिए आपक सर्दियों में ब्लाउज के कलर के मैचिंग स्वेटर को खरीदें। इस बात का ध्यान रहे कि ये स्लीवलेस हो ताकि बाजू पर बने डिजाइन या फिर पैटर्न अच्छे से हाईलाइट हो सके। इस तरीके के स्वेटर को आप ब्लाउज के ऊपर वियर करें।

### एक्सेसरीज को करें एड

इस लुक को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए साड़ी के साथ एक्सेसरीज को मिक्स मैच करें। इसके लिए (फुल स्लीव्स ब्लाउज) आप साड़ी के कलर से मैचिंग एक्सेसरीज वियर कर सकती हैं वरना आप चाहे तो कॉन्ट्रास्ट में भी ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। इससे भी आप काफी सुंदर नजर आएगी।

## सालों तक नई दिखेगी आपकी बनारसी साड़ी, अगर धोते समय रखेंगी इन बातों का ध्यान



बनारसी साड़ी में किसी भी महिला का लुक क्लासी और रॉयल लगता है लेकिन अधिकतर महिलाएं चाह कर भी बनारसी साड़ी ज्यादा नहीं पहन पातीं। इसकी वजह होती है महंगी बनारसी साड़ियों के खराब होने का डर होना। ऐसे में अगर आपके पास भी बनारसी साड़ी हैं तो उसके रखरखाव और साफ करने के तरीकों के बारे में जरूर जान लें।

### धोते समय इन बातों का रखें ध्यान

बनारसी साड़ी को साफ करते समय छोटी सी गलती से भी आपकी साड़ी खराब हो सकती है। अपनी बनारसी साड़ी को सालों तक नई जैसी रखने के लिए इन बातों को ध्यान रखें।

### बनारसी साड़ी धोने का तरीका

बनारसी साड़ी को वैसे तो ड्राई क्लीन करवाया जाता है, लेकिन अगर आप घर पर ही बनारसी साड़ी धो रही हैं तो हल्के साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। हार्ड साबुन से आपकी बनारसी साड़ी का कपड़ा खराब हो जाता है। हल्के साबुन का घोल बनाकर उससे साड़ी को धोना चाहिए।

### इस्तेमाल करें ठंडा पानी

बनारसी साड़ी को धोने के लिए हमेशा ठंडे पानी का उपयोग करें। गर्म पानी से साड़ी का कपड़ा खराब हो सकता है। ठंडे पानी से बनारसी साड़ी धोने से उसका रंग भी नहीं उतरता है और कपड़ा साफ भी हो जाता है। अगर आपकी बनारसी साड़ी में कोई दाग लग गया है तो उसे हटाने के लिए कभी भी हार्ड वॉशिंग पाउडर या प्रोटीन स्टेम रिमूवर का इस्तेमाल न करें।

कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में जींस और प्रिंट का है अनूठा मेल

## जींस के साथ ऐसे पहनेंगे प्रिंट तो लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स

जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब गर्मी है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है।

इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।

### कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।

### हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।



### एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।

### पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

### कैजुअल लुक के लिए

आपको कैजुअल लुक चाहिए तो जींस के साथ टाइप सेंट्रिक प्रिंटेड टीशर्ट पहनें। साथ में काले सनग्लासेज भी लगाए जा सकते हैं।

जींस के साथ प्रिंटेड टॉप पहनकर स्टाइलिश दिखने के लिए सॉलिड कलर की जींस (जैसे ब्लैक या ब्लू) चुनें, प्रिंट को बैलेंस करने के लिए न्यूट्रल रंगों और एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल करें। छोटे प्रिंट्स को बोल्ड जींस और बड़े प्रिंट्स को सिंपल डेनिम के साथ मैच करें, और लुक पूरा करने के लिए सही जूते व एक्सेसरीज़ चुनें, जिससे आपका लुक उभर कर आएगा। बैलेंस बनाना जरूरी है।

अगर टॉप पर बोल्ड प्रिंट है, तो जींस को सॉलिड (प्लेन) और गहरे रंग का चुनें (जैसे ब्लैक, नेवी ब्लू या ग्रे)। यह प्रिंट को उभरने का मौका देता है और लुक को संतुलित रखता है।

प्रिंट के साइज पर ध्यान दें मसलन छोटे प्रिंट्स फटी हुई या स्टेटमेंट जींस के साथ पहनें। बड़े प्रिंट्स सिंपल और क्लासिक डेनिम के साथ बहुत अच्छे लगते हैं।



रंगों का मेल ध्यान में रखें। प्रिंटेड टॉप के रंगों से मिलते-जुलते रंग के जूते, बैग या एक्सेसरीज़ चुनें, जैसे ब्लू जींस के साथ मैचिंग शेड्स शामिल हैं।

सिंपल रखें बाकी लुक क्योंकि जब टॉप प्रिंटेड हो, तो एक्सेसरीज़ और फुटवियर को न्यूट्रल रखें। जैसे सफ़ेद स्नीकर्स या ब्राउन बूट्स ताकि सारा ध्यान टॉप पर जाए। टॉप्स के प्रकार कई हैं।